




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com    कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 129 | कोरबा, रविवार, दिनांक 09 फरवरी 2025 डाक 10 फरवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



**विविधा**
राजौरी गार्डन सीट से जीत हासिल करने के बाद भाजपा उम्मीदवार मनजिंदर सिंह सिरसा समर्थकों के साथ जश्न मनाते हुए



**देश-विदेश**
दिल्ली में आप के हाथ से सत्ता जाना बिहार के क्षेत्रीय दलों के लिए सबक, बीजेपी का जोश रहेगा हाई



**फीचर**
गंदी सी गंदी चाय की छन्नी क्यों न हो, इन आसान नुस्खों से कुछ ही मिनटों में करें साफ







## छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव आज चुनाव प्रचार का आखिरी दिन

**रायपुर, 09 फरवरी [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव का प्रचार आज रात 12 बजे पूरी तरह से थम जाएगा। इसके बाद प्रत्याशी केवल डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर सकेंगे। चुनावी सरगर्मी के बीच सभी राजनीतिक दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। आचार संहिता के तहत आज रात 10 बजे के बाद किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउडस्पीकर, डीजे, माइक आदि) का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। इसके बाद चुनाव प्रचार का कोई सार्वजनिक आयोजन नहीं किया जा सकेगा। नगरीय निकाय चुनाव में इस बार 10 नगर निगमों में कुल 79 मेयर पद के प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इसके अलावा 1889 पार्षद प्रत्याशी भी चुनावी मैदान में हैं। राज्य के विभिन्न नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में 11 फरवरी को मतदान होगा।

चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक केवल घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर सकते हैं। सार्वजनिक सभाओं और रैलियों पर पूरी तरह से रोक रहेगी। चुनाव आयोग और प्रशासन द्वारा मतदाताओं से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान में भाग लेने की अपील की गई है। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने भी कमर कस ली है। अब देखना होगा कि 11 फरवरी को कौन से प्रत्याशी जनता का विश्वास जीतने में सफल होते हैं। चुनाव के नतीजे मतदाताओं के फैसले को दर्शाएंगे, जो आने वाले समय में नगर निकायों की सूरत बदलने में अहम भूमिका निभाएंगे।

# बीजापुर में बड़ा नक्सल एनकाउंटर: 12 नक्सली ढेर, दो जवान बलिदान और दो घायल

**बीजापुर, 09 फरवरी [एजेंसी]।**




त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से ठीक पहले बीजापुर के नेशनल पार्क इलाके में पुलिस व नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई है। पुलिस सुरक्षा बल ने छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर 12 नक्सलियों को मार गिराया है। बताया जाता है कि इस मुठभेड़ में 12 से अधिक नक्सली ढेर हुए हैं। वहीं दो जवान बलिदान और दो जवान घायल भी हुए हैं। घायल जवानों को निकालने के लिए जगदलपुर से एमआई-17 हेलीकॉप्टर रवाना किया गया है। बस्तर संभाग के आईजीपी सुंदर राज ने एनकाउंटर की पुष्टि की है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है। यह एनकाउंटर बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया में हुआ है, अभी भी अन्य नक्सलियों की धरपकड़ के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है।

बीजापुर डीआरजी, एसटीएफ और बस्तर फाइटर के जवानों ने नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है। आईजी ने बताया कि नक्सलियों के बड़ी संख्या में जमा होने की सूचना मिली थी, इसके बाद मौके पर फोर्स रवाना की गई है। सुबह से ही रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है। बताया जा रहा है कि इस नक्सल ऑपरेशन में नक्सलियों को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। बीजापुर जिले में महाराष्ट्र सीमा से लगे नेशनल पार्क इलाके में नक्सलियों और जवानों के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई। यह मुठभेड़ छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले से लगी महाराष्ट्र सीमा पर नेशनल पार्क इलाके में सुबह से जारी है।

### मजदूरों पर पलटा डंपर, तीन महिलाओं समेत चार लोगों की मौत

**गुजरात।** गुजरात के बनासकांठा जिले में रेत ले जा रहा एक डंपर मजदूरों के एक समूह पर पलट गया, इस घटना में तीन महिलाओं और एक बच्चे की कुचलकर मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को इस घटना के बारे में जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि, यह घटना कल शाम जिले के खेंगारपुरा गांव में हुई जब सड़क निर्माण कार्य चल रहा था। पुलिस उपाधीक्षक एसएम वरोटारिया ने कहा कि, डंपर ने एक संकीर्ण मार्ग से आगे बढ़ने की कोशिश की और सड़क निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के एक समूह पर गिरकर पलट गया।

## असम राइफल्स के महानिदेशक ने भारत-म्यांमार विद्रोहियों के बीच मुठभेड़



**मणिपुर।** असम राइफल्स (डीजीएआर) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेरा, एवीएसएम, एसएम ने शनिवार को मणिपुर के उखरुल जिले में भारत-म्यांमार सीमा पर कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। डीजीएआर का दौरा ऐसे समय में हुआ है जब सीमा पर स्थिति विशेष रूप से कामजोंग और टेंग्नौपाल जिलों में मणिपुर में स्थित संयुक्त विद्रोहियों और म्यांमार-उन्मुख कुकी नेशनल आर्मी (बर्मा) के बीच गोलीबारी के कारण बहुत खराब हो गई थी, जिसमें 27 से 31 जनवरी के बीच 20 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। डीजीएआर ने परिचालन तैयारियों की समीक्षा करने के लिए उखरुल जिले में सोमसाई में सेक्टर मुख्यालय और तुसोम के अग्रिम कंपनी संचालन बेस का दौरा किया और पूर्व सैनिकों और वीर नारियों (युद्ध विधवाओं) से बातचीत की। डीजीएआर ने तुसोम में अग्रिम कंपनी संचालन बेस का भी निरीक्षण किया और इसकी परिचालन तत्परता का आकलन किया। उन्होंने सीमा सुरक्षा के प्रति सैनिकों की अटूट प्रतिबद्धता और क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के उनके अथक प्रयासों की सराहना की।

## दिल्ली चुनाव में आप की करारी हार के बाद आतिशी ने छोड़ा मुख्यमंत्री पद

### उपराज्यपाल को सौंपा इस्तीफा



**नईदिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में आम आदमी पार्टी की करारी हार के बाद सीएम आतिशी ने रविवार को अपना इस्तीफा सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली की सीएम आतिशी आज सुबह करीब 11 बजे राज निवास पहुंचीं और दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया। पिछले साल सितंबर में अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद आतिशी मुख्यमंत्री बनी थीं। उन्होंने 21 सितंबर को शपथ ली थी। वह करीब चार महीने से दिल्ली की मुख्यमंत्री हैं। दिल्ली विधानसभा के इस चुनाव में आप की बुरी हार हुई है।

## महाकुंभ मेला क्षेत्र में सिलेंडर लीकेज होने से लगी आग, कल्पवासी का टेंट जला



**महाकुंभ नगर 09 फरवरी।** मेला क्षेत्र के सेक्टर 19 के वट माधव मार्ग पर स्थित एक शिविर में रविवार सुबह सिलेंडर लीकेज होने से आग लग गई। इससे एक कल्पवासी का टेंट और उसमें रखा सामान जल गया। बताया गया है कि सेक्टर 19 में ओम प्रकाश पांडे सेवा संस्थान का शिविर है। यहां कर्मा घूरपुर निवासी राजेंद्र जायसवाल टेंट लगाकार कल्पवास कर रहे हैं। बताया गया है कि राजेंद्र कुमार के टेंट में रविवार सुबह चाय बनाते समय अचानक सिलिंडर से गैस लीकेज होने से आग लग गई। इससे वहां अफरातफरी मच गई। पुलिस और अग्निशमन कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तब तक एक टेंट और उसमें रखा सामान जल चुका था।

# मामाओं ने भांजी की शादी में भरा 3 करोड़ का मायरा

### सूटकेस में भरे हुए थे नोट के बंडल, शादी देखकर लोग रह गए दंग





**जयपुर, 09 फरवरी [एजेंसी]।**

भारत में ऐसा कहा जाता है कि, शादियां सिर्फ दो लोगों के बीच नहीं बल्कि दो परिवारों के बीच होती है। लोग काफी ज्यादा भव्यता के साथ भारत में शादी करते हैं और कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। एक ऐसी ही शादी की चर्चा सोशल मीडिया पर जोरो पर है, जहां तीन मामाओं ने मिलकर अपनी भांजी को इतना मायरा दिया कि यह शादी सुर्खियों में आ गई है। राजस्थान में शादियों में मायरा देने का एक चलन है। इस परंपरा के अनुसार बहन के बच्चों की शादी में मामा की तरफ से आशीर्वाद के तौर पर मायरा दिया जाता है, जिसमें कैश, गहने आदि शामिल होते हैं। नागौर के साडोकण के रहने वाले तीन भाइयों ने अपनी भांजी की शादी में इतना मायरा चढ़ाया कि लोग देखते रह गए।यह शादी काफी ज्यादा भव्य थी और राजनीतिक पार्टियों से भी कई सारे मेहमान इस शादी में आमंत्रित थे। शादी के दौरान तीन मामाओं की इकलौती भांजी को 1 करोड़ 51 लाख रुपये कैश दिया गया। कई सूटकेस में नोटों को भर कर लाया गया था और सभी मेहमानों के सामने ही सारा कैश निकाला गया और वहीं गिनती भी की गई। इतना ही नहीं, मामाओं ने अपनी भांजी को 25 तोला सोना भी दिया और 5 किलो चांदी के आभूषण भी चढ़ाए।

इतने कैश और इतने सारे गहनों के साथ ही, तीनों मामाओं ने अपनी भांजी को नागौर में दो प्लॉट भी दिए। जब इन सब चीजों का अनुमान लगाया गया तो करीब 3 करोड़ का मायरा तीनों मामाओं के द्वारा चढ़ाया गया, यह जानकारी सामने आई। राजस्थान के कई जिलों में मायरा देने की परंपरा सालों पुरानी है। जब बहन के बच्चों की शादी होती है, तो भाई अपनी बहन के प्रति प्यार कैश, गहने और गिफ्ट्स के जरिए जताता है। जब इस शादी में तीन करोड़ का मायरा चढ़ाया गया तो वहां मौजूद सभी लोगों का मुंह खुला का खुला रह गया। इस शादी में राजस्थान के पूर्व मुख्य सचेतक महेंद्र चौधरी, जायल के पूर्व प्रधान रिद्धिकरण लामरोड़ और हजारों मेहमान मौजूद थे।

## कंपोजर प्रीतम को बड़ा झटका, स्टाफ ने ऑफिस से उड़ाए 40 लाख रुपये, दर्ज हुई एफआईआर



**नई दिल्ली।** संगीत की दुनिया में अमिट छाप छोड़ने वाले प्रीतम चक्रवर्ती को भारी नुकसान हो गया है। संगीतकार के ऑफिस से 40 लाख रुपये की चोरी हुई है। माना जा रहा है कि उनके स्टाफ ने ही चोरी की है। फिलहाल, संगीतकार ने एफआईआर दर्ज कर दी है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। रविवार को मामला उस वक्त लाइमलाइट में आया, जब पुलिस ने बताया कि प्रीतम के ऑफिस पर चोरी हुई है। मुंबई पुलिस का कहना है कि ऑफिस में इतनी मोटी रकम प्रीतम के मैनेजर ने रखी थी। मलाड पुलिस स्टेशन में प्रीतम के मैनेजर विनीत छेदा ने एफआईआर दर्ज करवाई है। उन्होंने अपने एक स्टाफ पर चोरी का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया है कि कुछ दिन पहले काम से संबंधित चीजों के लिए पैसे ऑफिस में लाए गए थे। विनीत ने 40 लाख रुपये लेकर ऑफिस में रख दिए थे। उस वक्त वहां पर आशीष सयाल नामक एक कर्मचारी मौजूद था। बाद में मैनेजर कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाने के लिए प्रीतम के घर चले गए।

# मेक्सिको में बड़ा सड़क हादसा, ट्रक की टक्कर में 41 लोगों की मौत, धूं-धूं कर जली बस



**मैक्सिको सिटी, 09 फरवरी [एजेंसी]।**

दक्षिणी मैक्सिको में एक सड़क हादसे में 41 लोगों की मौत हो गई। मैक्सिको के टबैस्को राज्य की सरकार ने एक बयान में कहा कि बस में 48 यात्री सवार थे, जिसकी एक ट्रक से टक्कर हो गई। बस कैनकन से टबैस्को आ रही थी। इस हादसे में बस में सवार 38 यात्रियों और दो ड्राइवरों की मौत हो गई। साथ ही ट्रक के ड्राइवर की भी मौत हो गई। न्यूज एजेंसी ने हादसे के बाद की कुछ तस्वीरें जारी की हैं, जिन्हें देखने से पता चलता है कि टक्कर के बाद बस आग की लपटों में घिर गई और पूरी तरह से जल गई। आग बुझने के बाद सिर्फ बस फ्रेम के अवशेष बचे थे। टबैस्को के अधिकारियों ने बताया कि अब तक 38 शव बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त बस से साक्ष्यों की बरामदगी का काम जारी है। बस ऑपरेटर टूर्स एकोस्टा ने फेसबुक पर एक बयान जारी करके हादसे की पुष्टि की है और कहा कि जो कुछ हुआ उसके लिए बेहद खेद है। साथ ही टूर्स एकोस्टा ने यह भी कहा कि हम अधिकारियों के साथ मिलकर यह पता लगाने के लिए काम कर रहे हैं कि हादसे के पीछे क्या कारण थे और क्या बस गति सीमा के भीतर ट्रैवल कर रही थी।

बस ऑपरेटर टूर्स एकोस्टा ने आगे कहा, सार्वजनिक मंत्रालय ने हमें सूचित किया है कि जांच कैंडेलारिया, कैंपेचे नगर पालिका के अभियोजक कार्यालय में प्रभावी होगी, इस कारण से हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों और रिश्तेदारों को संबंधित प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए इस विभाग में जाना होगा। टबैस्को सरकार के सचिव रामिरो लोपेज ने कहा कि अधिकारी इस हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या और उनकी पहचान के बारे में अंतिम जानकारी जल्द देंगे। स्थानीय नगर पालिका परिषद पलासियो म्युनिसिपल डी कोमलकाल्को ने कहा है कि वह बस दुर्घटना में मारे गए लोगों के शवों को उनके मूल निवास स्थान तक पहुंचाने में मदद करेगी।

# जंगल से 4.72 लाख की महुआ शराब जप्त चुनाव में खपाने की तैयारी पर पानी फिरा



**बिलासपुर।** नगरीय निकाय चुनाव की गहमागहमी के बीच सीपत पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए नदी किनारे अवैध कच्ची महुआ शराब का जखीरा बरामद किया है। ग्राम धौराकोना उडांगी में की गई कार्रवाई में 4,72,500 रुपए कीमत की 1575 लीटर शराब जब्त किया है। जानकारी के अनुसार, गांव में अवैध कच्ची महुआ शराब बनाए जाने की जानकारी मिलने पर सीपत पुलिस की टीम एनटीपीसी के कर्मचारी व मजदूर बनकर जंगल में पहुंची थी। मामले में पकड़े गए आठ आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2), 34 (1) (च), आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है। बताया गया कि आरोपियों के द्वारा सरहदी जिला जांजगीर और कोरबा में महुआ शराब खपाई जाती थी। नगरीय निकाय के साथ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी शराब को खपाने की तैयारी थी। मौके से बरामद 8 क्विंटल महुआ लहान लीलागर नदी में नष्ट किया गया। वहीं शराब बनाने का उपकरण एवं बर्तन को जप्त किया गया।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## महाकुंभ से लौट रहे छत्तीसगढ़ के 4 श्रद्धालुओं की मौत, सड़क हादसे का शिकार



**सोनभद्र, 09 फरवरी [एजेंसी]।**

बभनी के दरनखाड़ के पास भीषण सड़क हादसा हो गया है। जहां श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो को ट्रेलर ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में 4 लोगों की मौत हो गई है। वहीं 6 गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक बोलेरो सवार श्रद्धालु महाकुंभ स्नानकर छत्तीसगढ़ के रायपुर लौट रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। मरने वालों की पहचान रायपुर निवासी लक्ष्मीबाई (30) अनिल प्रधान (37), ठाकुर राम यादव (58) और रुक्मणी यादव (56) के रूप में हुई है। वहीं रामकुमार (33), दिलीप देवी (58), अभिषेक, अहान (4), योगी लाल (36), हर्षित (ढाई वर्ष), सुरेंद्री देवी (32) गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

# लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा बनिए और मतदान अवश्य करिए : अजीत वसंत



**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने कोरबा जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 में लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होकर अपनी भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए हर मतदाता का वोट अमूल्य है। मतदान का अवसर एक निश्चित अवधि में मिलता है, इसलिए इस महत्वपूर्ण अवसर को बिना गंवाए नगरीय निकाय के महापौर/अध्यक्ष एवं पार्षद निर्वाचन हेतु 11 फरवरी दिन मंगलवार को मतदान केंद्रों में सुबह 08 बजे से शाम 05 बजे तक अपने मताधिकार का उपयोग करें। कलेक्टर ने मतदाताओं को जागरूक होकर जिले में निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से शशांति पूर्ण मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक मतदाता का मत अमूल्य है तथा मतदान करना प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य है। जब मतदान के लिए जायें तो अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक कार्ड) एवं फोटो युक्त मतदाता पर्ची अवश्य लेकर जायें। मतदान केंद्र में इलेक्ट्रानिक मतदान मशीन के माध्यम से आप अपने पसंद के प्रत्याशी को चुनने के लिए वोट कर सकते हैं। उन्होंने कहा है कि मतदान दिवस के दिन मतदातागण मतदान के लिए समय निकालकर अपने क्षेत्र के लिए निर्धारित मतदान केंद्रों में उपस्थित होकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। अपने नगर जिला, राज्य एवं देश की खुशहाली के लिए एवं सशक्त लोकतंत्र के निर्माण के लिए शत प्रतिशत मतदान का होना अपेक्षित है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग सुनिश्चित करने की अपील सभी मतदाताओं से की है।

# मतदान दिवस पर बूथ के 100 मीटर के दायरे में प्रत्याशी नही मांग सकेंगे मतदाताओं से वोट

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय आम निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा उपरांत आदर्श आचरण प्रभावशील है। राज्य निर्वाचन आयोग के आदेश के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अजीत वसंत ने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है। उन्होंने मतदान दिवस 11 फरवरी को कोरबा जिलें में मतदान प्रातः 08 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से मतदान दिवस तक सार्वजनिक सभा, रैली एवं रोड़ शो एवं लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित किया है।

श्री अजीत वसंत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने आदेश पारित किया है कि जिलें के नगरीय निकाय क्षेत्रों के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति घातक अस्त्र-शस्त्र जैसे बंदूक, पिस्टल, रायफल, रिवाल्वर, तलवार, फरसा, भाला, लाठी, चाकू, छूरा, कुल्हाडी, बरछी, गुप्ती, त्रिशूल, खुकर, सांग एवं बल्लम अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान आम सड़क रास्ता सार्वजनिक सभाओं एवं अन्य स्थानों पर लेकर नही चलेगा। कोई भी राजनीतिक दल या व्यक्ति सशस्त्र जुलूस नहीं निकलेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। बल्क एस. एम. एस. एवं फोन कॉल करना भी प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा जिन्हें अपने कार्य संपादन के लिए लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू नही होगा जिन्हें चुनाव व मतदान के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा जिन्हें शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था तथा निःशक्त होने के कारण सहारे के रूप में लाठी रखना आवश्यक होता हैं। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगरीय निकाय क्षेत्रों में मतदान हेतु नियत तिथि 11 फरवरी को मतदान समाप्ति के समय से 48 घण्टे पहले एवं एक दिन बाद तक अर्थात् 09 फरवरी शाम 05 बजे से 12 फरवरी तक समूह में या 05 से अधिक व्यक्तियों को एक साथ इकट्ठा होने / आने-जाने की अनुमति नहीं होगी। कोरबा जिलें के नगरीय निकाय क्षेत्रों के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह न तो कोई सभा करेगा, न कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा, न ही कोई धरना देगा। प्रचार/ मतयाचना हेतु लाउडस्पीकर का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। मतदान दिवस को मतदान केन्द्रों के 100 मीटर के भीतर किसी प्रकार की मतयाचना / प्रचार प्रतिबंधित रहेगी। मतदान केन्द्रों की 100 मीटर परिधि के भीतर मोबाइल / फोन ले जाना / उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले समूह / व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। अतः यह आदेश निर्वाचन समाप्ति तक प्रभावशील रहेगा।

# मतदान दिवस 11 फरवरी को सामान्य अवकाश घोषित

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 हेतु जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में 11 फरवरी दिन मंगलवार को मतदान दिवस को मतदान सम्पन्न कराये जाने हेतु सामान्य अवकाश घोषित किया है। कोरबा जिले के नगरीय निकायों के सम्पूर्ण क्षेत्र में 11 फरवरी को मतदान दिवस होने के कारण सामान्य अवकाश रहेगा। मतदान के दिन कर्मचारियों को संवेतन अवकाश की मंजूरी दी गई है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए हैं।

# नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों का किया जा रहा कमीशनिंग

## नगर निगम कोरबा हेतु निर्वाचन में उपयोग आने वाले ईवीएम का किया गया कमीशनिंग

कोरबा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के दिशा निर्देशन में नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 को समयबद्धता, पारदर्शिता एवं त्रुटिरहित सम्पन्न कराने हेतु जिले में निर्वाचन के दौरान उपयोग होने वाले ईव्हीएम मशीनों का कमीशनिंग कार्य झगरहा स्थित आईटी कॉलेज कोरबा में बनाए गए स्ट्रांग रूम में किया गया। आज नगर निगम कोरबा हेतु निर्वाचन में उपयोग होने वाले ईवीएम मशीनों का कमीशनिंग किया गया है साथ ही शेष नगरीय निकायों के लिए उपयोग होने वाले ईवीएम मशीनों का कमीशनिंग कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री मनोज कुमार बंजारे, एसडीएम कोरबा श्री सरोज महिलांगे, मास्टर ट्रेनर डॉ. एम. एम. जोशी एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत आगामी 11 फरवरी 2025 को होने वाले मतदान के लिए उपयोग होने वाली मशीनों का नगरीय निकायवार कमीशनिंग के साथ ही सीलिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। कमीशनिंग कार्य हेतु प्रशिक्षित अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।



# मतदान के लिए विज्ञापन देना चाहते है तो इसके लिए लेना होगा विधिवत अनुमति

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के संबंध में चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत मतदान दिवस एवं मतदान से एक दिन पूर्व मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के विज्ञापनों का प्रमाणन मीडिया प्रमाणन एवं मीडिया निगरानी (एमसीएमसी )से अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिये है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मीडिया प्रमाणन का मूल आधार आदर्श आचार संहिता के पालन से जुड़ा है। ऐसा कोई विज्ञापन नहीं दिया जाएगा जो सामाजिक समरसता को बिगाड़ने अथवा तनाव को बढ़ाने, शांति भंग करने, संविधान और कानून के विपरीत, नैतिकता, सदाचार के विपरीत हो और किसी की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाला नहीं हो। कलेक्टर ने बताया कि मीडिया प्रमाणन राजनैतिक विज्ञापन के लिए आवश्यक है, इनमें टीवी चौनल, केबल टीवी चौनल, रेडियो (निजी एफएम सहित), सिनेमा घर, ई-समाचार पत्र, बल्क एवं वाईस एसएमएस एवं सार्वजनिक स्थलों पर दृश्य-श्रव्य माध्यम शामिल है। कोरबा जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में 11 फरवरी को वोट डाले जाएंगे, इसे देखते हुए 10 व 11 फरवरी को प्रिंट मीडिया में प्रकाशित किए जाने वाले ऐसे तमाम राजनीतिक विज्ञापनों को जिला व राज्य स्तर पर गठित प्रमाणन व मीडिया निगरानी समिति (एमसीएमसी) से पूर्व-प्रमाणीकरण कराना अनिवार्य है, निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए है, राजनीतिक लाभ लेने व मतयाचना के लिए राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों द्वारा समाचार-पत्रों में विज्ञापन किया जाता है। पेड न्यूज पर रहेगी कड़ी निगरानी जिला निर्वाचन अधिकारी ने पेड न्यूज के बारे में बताया कि पेड न्यूज (क्रीत समाचार) से तात्पर्य समाचार पत्रों में प्रकाशित उन समाचारों में हो जो वास्तव किसी दल अथवा प्रत्याशी द्वारा अपने लाभ के लिए प्रायोजित किए जाते है। किसी प्रिंट अथवा इलेक्ट्रानिक मीडिया में आने वाले ऐसा कोई समाचार जिसके लिए कोई भुगतान नगद अथवा अन्य माध्यम से किया गया हो, वह क्रीत समाचार (पेड न्यूज) है। इसके लिए जिला स्तर पर मीडिया निगरानी समिति टीम का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि किसी प्रत्याशी के प्रचार एवं आमसभा के समय से क्रीत समाचार के लिए निगरानी रखी जा रही है।

# मतदान के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज होंगे मान्य

**कोरबा।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने बताया कि नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 के अंतर्गत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए हैं। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, वे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत हैं, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

# रजगामार के ओमपुर व बी टाईप कालोनी में डामरीकरण काम से लोग नाखुश

**कोरबा।** कोरबा में विकास कार्यों के नाम पर एक बार से लीपापोती करने का दौर शुरु हो गया है। आम जनता को खुश करने के लिए जर्जर सड़क पर डामरीकरण का काम किया जा रहा है लेकिन उसकी गुणवत्ता इतनी खराब है,कि वह पहली बरसात भी नहीं झेल पाएगा। एसईसीएल द्वारा रजगामार के ओमपुर और बी टाईप कॉलोनी में डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है,जिसे लेकर लोग नाखुश नजर आ रहे है।

कोरबा में एसईसीएल की मनमानी किसी से छिपी नहीं है। आम जनता के हितों की अनदेखी और विकास कार्यों के नाम पर केवल औपचारिता निभाए जाने को लेकर प्रबंधन हमेशा लोगों के निशाने पर रहता है। एक बार फिर से प्रबंधन के खिलाफ आम जनता को बोलने का मौका मिल गया है। एसईसीएल द्वारा रजगामार के ओमपुर और बीटाईप कॉलोनी के सामने के सड़क की मरम्मत करवाई जा रही है,जिसकी गुणवत्ता काफी खराब है। जर्जर सड़क पर एक लेयर की डामर की परत चढ़ाकर विकास के नाम पर लीपापोती की जा रही है। इतना ही नहीं सड़क निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे है। क्षेत्र की जनता का कहना है,कि ऐसे काम ज्यादा दिन नहीं चलेंगे और पहली बारिश में ही सड़क पूरी तरह से उखड़ जाएगी।

# ठेकेदारों के परिवारों की समस्या को हल करने हो रहा काम

**कोरबा।** बुधवारी स्थित द्विज समाज के सामुदायिक भवन में नगर निगम ठेकेदार संघ का एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में नगर निगम के सभी ठेकेदार,अधिकारी और कर्मचारी विशेष रुप से शामिल हुए। कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन के भाई और भाजयूमो के महामंत्री नरेंद्र देवांगन भी सम्मेलन में शामिल हुए। इस सम्मेलन में ठेकेदारों के फाईलों के अटके होने के मसले पर विस्तार से चर्चा हुई। संघ के अध्यक्ष ने बताया,कि ठेकेदारों ने नगर निगम का जो कार्य किया है उसके बिल की फाईल पिछले पंचवर्षीय में पिछले दो-दो साल तक अटकी रही,जिससे ठेकेदार के परिवारों को अपना घर चलाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। संघ को उम्मीद है,कि निगम के नए कार्यकाल में उनकी समस्याओं का आसानी से समाधान हो जाएगा

# मुआवजा तो मिल गया, बसाहट नही मिलने से लोग चिंतित

**कोरबा।** नहर पुल से होकर स्टेशन जाने वाले मार्ग पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग के कारण कोरबा क्षेत्र की जनता कई वर्षों से परेशान हो रही है। इस समस्या का स्थाई हल खोजने के साथ अब यहां रेल अंडरपास बनाया जा रहा है। 30 करोड रुपए की राशि इस प्रोजेक्ट पर खर्च की जा रही है। रेल अंडरपास के काम के शुरू होने से पहले इसके दायरे में आने वाली दुकानों और मकान को हटाया जा रहा है। लोगों की शिकायत है कि मुआवजा तो दिया गया है लेकिन बसाहट का विकल्प नहीं दिया गया। जिला प्रशासन और रेलवे ने कास्ट शेयरिंग बेसिस पर रेल अंडरपास का निर्माण करना सुनिश्चित किया है। निर्माण पर 30 करोड रुपए खर्च होने की संभावना है। इसके तहत आधी आधी राशि प्रशासन और रेलवे खर्च करेंगे। कोरबा क्षेत्र और जनता से जुड़े इस मुद्दे को लेकर काफी समय से योजना बनती रही है । कई मौके पर सर्वे भी किए गए लेकिन सब कुछ खटाई में पड़ गया। पहली बार इस बारे में गंभीरता से विचार करने के साथ योजना को न केवल आगे बढ़ाया गया बल्कि इसे क्रियान्वित करने का निर्णय भी लिया गया। रेल अंडरपास को लेकर शुरुआती काम जारी है।

# मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पहले से बन्द हो जायेंगी मदिरा दुकानें

## कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जारी किये निर्देश

**कोरबा।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के लिए 09 फरवरी शाम पांच बजे से सभी प्रकार के राजनैतिक प्रचार थम जायेंगे। 09 फरवरी शाम पांच बजे से मतदान दिवस 11 फरवरी मतदान समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किये गये हैं। इस अवधि में नगरीय निकाय निर्वाचन क्षेत्रों एवं निर्वाचन क्षेत्रों में लगे सीमावर्ती क्षेत्रों में संचालित सभी देशी, विदेशी मदिरा,प्रीमियम, कंपोजिट मदिरा दुकानें,अहाता, वफ.एल.3, एफ.एल 3-क बंद रहेंगे। इस संबंध में जिले के सहायक आबकारी आयुक्त ने बताया कि नगरीय निकाय आम निर्वाचन संबंधी कार्यों को निर्विघ्न एवं निष्पक्षतापूर्वक संपन्न कराने के लिए कलेक्टर कार्यालय से आदेश जारी किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार 9 फरवरी शाम पांच बजे से 11 फरवरी मतदान समाप्ति तक जिले की देशी मदिरा दुकान/अहाता तुलसीनगर, आईटीआई रामपुर, दादर एवं अहाता, लालघाट, सर्वमंगला एवं अहाता, रूमगरा एवं अहाता, मुड़ापार, लाटा, गोपालपुर, गेवरा एवं अहाता, भैराताल एवं अहाता, दीपका एवं अहाता, कटघोरा, बांकीमोंगरा और देशी मदुरा दुकान पाली एवं अहाता बंद रहेगी। इसी तरह विदेशी मदिरा दुकान/अहाता निहारिका, टीपी नगर, निहारिका रोड, कोरबा, लालघाट, मुड़ापार, लाटा, गोपालपुर, गेवरा, सर्वमंगला, दीपका, कटघोरा, बांकीमोंगरा और पाली तथा एफ.एल.3 होटल रिशु बार कोसाबाड़ी, होटल सेन्टर पाईट टीपी नगर, होटल सत्कार बार रानी रोड कोरबा, होटल ऋतुराज बार जमनीपाली, होटल अंजनी बार दीपका और एफ.एल. 3 (क) वन नाईट क्लब शॉपिंग रेस्टोरेन्ट बार बंद रहेगी।

# निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**कोरबा।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय कोरबा में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती सिनीवाली गोयल कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी हैं। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के मद्देनजर जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के 24 घंटे संचालन के लिए अधिकारी, कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उक्त कंट्रोल रूम में स्थापित दूरभाष का क्रमांक 07759-221096 है। साथ ही उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती सिनीवाली गोयल मोबाइल नंबर 9479053127 से संपर्क किया का सकता है।

# नगरीय निर्वाचन के लिये मतदान करने श्रमिकों को मिलेगी छुट्टी

**कोरबा।** नगरीय निकाय निर्वाचन के लिये मतदान करने श्रमिकों को मतदान दिवस 11 फरवरी को छुट्टी मिलेगी। सहायक श्रमायुक्त ने इस संबंध में निर्देश भी जारी कर दिये हैं। मतदान दिवस को कोरबा जिले के अंतर्गत आने वाले सभी कारखानों, संस्थाओं में कार्यरत् श्रमिकों और कर्मचारियों को मत डालने के लिये छुट्टी दी जायेगी। ऐसे कारखानें जहाँ सप्ताह में सातों दिन कार्य होता है वहाँ प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन दो-दो घण्टे का अवकाश घोषित किया गया है तथा जो कारखाने निरंतर संचालित हैं उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान की सुविधा दी जायेगी।

# बड़े शहरों की तर्ज पर औद्योगिक नगर में शुरू हो गया गंदा खेल पुलिस ने स्पा सेंटर और होटल से युवक युवतियों को पकड़ा






**कोरबा।** कोरबा में दूसरे प्रदेश की महिलाओं को बुलाकर चल रहे सेक्स रैकेट का खुलासा हुआ है। यहां दो स्पा सेंटरों में मसाज की आड़ में देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा था। पुलिस ने सेक्स रैकेट में शामिल 6 महिला सहित 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। देह व्यापार में संलिप्त पकड़ी गई महिलाएं सिक्किम, पश्चिम बंगाल और रायपुर की रहने वाली हैं। कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि सीतामणी रोड स्थित राज होटल और सनराइज स्पा सेंटर में स्पा चलता है। स्पा सेंटर में मसाज के आड़ में महिलाओं से देह व्यापार करवाया जाता है। स्पा सेंटर में सेक्स रैकेट की सूचना पर कोतवाली थाना और सीएसईबी चौकी पुलिस की स्पेशल टीम बनाई। रेड में आपत्तिजनक हालत में मिलीं महिलाएं कोतवाली थाना और सीएसईबी चौकी की टीमों को साथ लेकर दोनों स्थानों पर छापा मारा। पुलिस को राज होटल में 3 पुरुष और 2 महिलाएं आपत्तिजनक स्थिति में मिलीं। वहीं, सनराइज स्पा सेंटर में 3 पुरुष और 4 महिलाएं संदिग्ध अवस्था में पाई गईं।

जांच में यह भी सामने आया कि इन दोनों स्थानों पर पकड़ी गई महिलाएं अलग-अलग राज्य से थीं। इनमें सिक्किम, पश्चिम बंगाल और रायपुर की निवासी महिलाएं शामिल थीं। यह पहली बार नहीं है, जब कोरबा पुलिस ने इस तरह की कार्रवाई की हो। इससे पहले भी जिले के विभिन्न स्थानों पर देह व्यापार के अवैध धंधों के खिलाफ पुलिस ने छापे मारे थे। लगातार शिकायत के बाद पुलिस ने मारा छापा कोरबा के सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि इन स्थानों पर लंबे समय से अवैध गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं। खास तौर पर राज होटल पर पहले भी कई बार छापेमारी की जा चुकी है, जहां से नशीली दवाएं भी बरामद की गई थीं। इसके बावजूद यहां अवैध गतिविधियां जारी थीं। सीएसपी एक्का ने यह भी कहा कि अब पुलिस शहर के अन्य संदिग्ध स्थानों पर भी नजर बनाए हुए है, ताकि इस तरह के अवैध धंधों पर पूरी तरह से काबू पाया जा सके। पुलिस ने इस पूरे मामले में आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी और कोरबा में अवैध धंधों को पूरी तरह से खत्म करने के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे।

# सरकारी नौकरी दिलाने का सपना दिखाया और लगाई चपत

**कोरबा।** बालको पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नौकरी लगाने के नाम पर लगभग 48 लाख रुपये की ठगी करने वाले आरोपी दूजराम यादव को गिरफ्तार किया है। आरोपी लगभग डेढ़ वर्ष से फरार था। आरोपी दूजराम यादव पिता जोधी राम यादव उम्र 43 वर्ष साकिन साजाबहरी चौकी चैतमा, थाना पाली, जिला कोरबा का रहने वाला है। मामले का प्रार्थी मंगलेश दास महंत ने थाना बालको में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी ने वर्ष 2020 में उसे तहसील कार्यालय कोरबा में क्लर्क की नौकरी लगवाने के नाम पर 7.5 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी। विवेचना दौरान पता चला कि आरोपी ने अन्य लोगों से भी अलग-अलग समय पर उनकी शासकीय विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर कुल 48 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी। मामले के आरोपी गुरूचरण पंत को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। आरोपी दूजराम यादव को उसके ग्राम साजाबहरी से पकड़कर पूछताछ की गई और आरोपी के विरुद्ध धारा 420, 467, 468, 471, 34 भादवि का अपराध साबित होने पर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी को माननीय न्यायालय कोरबा से जेल वारंट बनने पर जिला जेल कोरबा में निरुद्ध किया गया है। पुलिस अधीक्षक कोरबा ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी से नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की और आगे की जांच जारी है। इस मामले में थाना प्रभारी बालको निरीक्षक अभिनव कांत सिंह के नेतृत्व में सउनि इमरान खान, आर. के.468 गजेन्द्र राजवाड़े, आर. के. 40 सलामुद्दीन हवारी, आर. क्र. 609 मनोज मिर्जा, नगर सैनिक 120 संतोष साहू की सराहनीय भूमिका रही।

# नवापारा में सरपंच और सभी पंचो को निर्विरोध चुनकर लोगों ने सरकार खर्च बताया

**कोरबा।** रामपुर विधानसभा क्षेत्र के करतला जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत नवापारा (चैनपुर) में ग्रामीणों ने आपसी सहमति से सरपंच और सभी 12 वार्ड के पंचों का निर्विरोध चयन किया। यह घटना न केवल ग्राम पंचायत नवापारा के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए एक प्रेरणादायक पहल है।

सरपंच पद के लिए 4 नामांकन दाखिल हुए थे, लेकिन आपसी सहमति से 3 नाम वापस ले लिए गए। इसके बाद, श्री छत्रपाल राठिया को निर्विरोध सरपंच चुना गया। इस घटना से ग्रामीणों में हर्ष और उत्साह का माहौल है।ग्राम पंचायत नवापारा के कुल 12 वार्डों के पंचों का भी निर्विरोध चयन हुआ। इनमें रमशीला बाई राठिया, शीतल बाई राठिया, बिमला बाई सारथी, रामेश्वरी बाई राठिया, लक्ष्मीबाई पटेल, सन्तरी बाई राठिया, कंसुराम राठिया, देवप्रसाद राठिया, दिलादास महंत, दिलेश्वर राठिया, चूणामणि राठिया, और भुवनेश्वरी यादव शामिल हैं। निर्विरोध निर्वाचित सरपंच और पंचों ने ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया और सभी को एक साथ मिलकर गांव का विकास करने का संकल्प लिया। इस घटना में युवा मंडल, महिला समिति, और ग्राम के प्रमुख मार्गदर्शकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# करहीडीह में सैनी बाई के सामने नहीं आया कोई प्रत्याशी,निर्विरोध बनी सरपंच

**अकलतरा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नाम वापसी के अंतिम तिथि 6 फरवरी निर्धारित की थी। नामांकन वापसी के अंतिम दिन सरपंच पद के लिए 42, जनपद सदस्य के लिए 23 व पंच पद से 295 लोगों ने नामांकन पत्र वापस लेने से ग्राम पंचायत करहीडीह में सैनी बाई कंवर निर्विरोध सरपंच निर्वाचित हो गईं। सरपंच पद अनुसूचित जनजाति महिला के लिए आरक्षित था। अमलीपाली में 12 वार्डों में से 11 पंच निर्विरोध निर्वाचित होने के साथ वार्ड नंबर 11 में ही पंच पद के लिए गांव के लोग वोट देंगे। झलमला और पकरिया (झूलन ) में 20-20 वार्डो में से 11-11 पांच निरोध निर्वाचित होने से 9-9 वार्डों में पंच के लिए मतदान होगा। विकासखंड के 921 वार्डों में 295 पंच निर्विरोध निर्वाचित होने 626 वार्डों में 1535 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में हैं। 56 ग्राम पंचायतों में सरपंच के 293 लोगों ने नामांकन फॉर्म खरीदा था। 51 लोगों के नामांकन फॉर्म वापस लेने से विकासखंड के 56 ग्राम पंचायत में 242 अभ्यर्थियों में मुकाबला होने व 23 जनपद पंचायत सदस्यों के लिए 129 लोगों ने नामांकन फॉर्म खरीदा था। 23 लोगों ने नामांकन फॉर्म वापस करने से 106 अभ्यर्थियों में जनपद सदस्य के लिए मुकाबला होगा। जनपद पंचायत अध्यक्ष पद सामान्य महिला के लिए आरक्षित है।

अभ्यर्थियों को चुनाव चिह्न बांटे गए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि के बाद पंच, सरपंच और जनपद सदस्य का चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को चुनाव रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार कृष्ण कुमार जायसवाल, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नायब तहसीलदार चंद्रप्रकाश साहू और जनपद पंचायत सीईओ हिमांशु गुप्ता की उपस्थिति में चुनाव चिह्न का आवंटन किया गया। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विकासखंड में प्रथम चरण में 17 फरवरी को मतदान होना है।

अभ्यर्थियों को चुनाव चिह्न का आबंटन होने से पंचायत चुनाव के लिए सरगर्मी तेज होने के साथ अभ्यर्थियों द्वारा बड़ी संख्या में बैनर पोस्टर और पंपलेट छपवाने के साथ घर-घर जाकर चुनाव प्रचार कर वोट मांगा जा रहा है। चुनाव रिटर्निंग ऑफिसर तहसीलदार कृष्ण कुमार जायसवाल ने बताया कि पंचायत चुनाव के लिए जनपद पंचायत कार्यालय में नामांकन वापसी की अंतिम तिथि के बाद पंच सरपंच एवं जनपद सदस्य हेतु अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह का आबंटन किया जा चुका है। पंचायत चुनाव के लिए मतदान दल की सूची बनाने के साथ मतदान दल को चुनाव हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।



## ग्राम पहरिया में अखंड नवधा रामायण, राममय हुआ गांव

**पहरिया।** अन्नधारी देवी की नगरी पहरिया में अखंड नवधा रामायण का आयोजन हो रहा है। नौ दिन तक चलने वाले इस आयोजन में बड़ी संख्या में मानस मंडलियां पहुंच रही हैं। अखंड नवधा रामायण सेवा समिति और समस्त ग्रामीणों के संयुक्त तत्वावधान में हो रहे इस आयोजन से गांव का माहौल भक्तिमय हो गया है। भगवान राम और रामायण की चौपाइयों से गलियां गूंज रही हैं। इसे सुनने के लिए अन्य जिलों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अखंड नवधा रामायण का पाठ करती हुई मंडली।

## प्रचार की समय सीमा समाप्त होने से पहले तेज हुए एक दूसरे पर हमले

**सक्ती।** नगर पालिका चुनाव 11 फरवरी को मतदान होने जा रहा है, जिसमें 1 से 18 वार्डों में 17807 मतदाता शामिल है। वार्ड क्रमांक 1 में 665 पुरुष, 685 महिलाएं सहित 1350 मतदाता है।

वार्ड 2 में 534 पुरुष, 555 महिलाएं सहित 1089, वार्ड क्रमांक 3 में 977 मतदाता, वार्ड 4 में 1204, वार्ड 5 में 1014, वार्ड 6 में 770, वार्ड 7 में 815, वार्ड 8 में 801, वार्ड में1137, वार्ड 10 में 1175, वार्ड 11 में 1056, वार्ड 12 में 635 मतदाता, वार्ड 13 में 845, वार्ड 14 में 938, वार्ड 15 में 912, वार्ड में 802, वार्ड क्रमांक 17 में 1116 मतदाता, वार्ड 18 में 1271 मतदाता है । वार्ड क्रमांक 1 में 4, वार्ड क्रमांक 2 में 6, वार्ड 3 में 3, वार्ड क्रमांक 4 में 2, वार्ड क्रमांक 5 में 3, वार्ड क्रमांक 6 में 2, वार्ड 7 में 3, वार्ड क्रमांक 8 में 2, वार्ड क्रमांक 9 में 2, वार्ड क्रमांक 10 में 3, वार्ड क्रमांक 11 में 2, वार्ड 12 में 2, वार्ड 13 में 3, वार्ड 14 में 3 पार्षद, वार्ड 15 में 2, वार्ड क्रमांक 16 में 2, वार्ड क्रमांक 17 में 3, वार्ड क्रमांक 18 में 5 पार्षद पद के लिए मैदान में खड़े है



और अपना किस्मत आजमा रहे है। इसी प्रकार अध्यक्ष पद के लिए 7 उम्मीदवार मैदान में खड़े हैं। अध्यक्ष पद में त्रिकोणी संघर्ष चल रहा है। लगभग 17807 मतदाताओं में नागरिकों का यह मानना है कि 14 से 15 हजार वोट मतदान करेगें। अब देखना है कि 11 फरवरी को मतदान होने के बाद 15 फरवरी को कौन बाजी मारेगा और कौन नगर पालिका अध्यक्ष बनेगा।

## वार्ड 14 में भाजपा प्रत्याशी की मौत, मतदान टला

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर चांपा जिले के नगर पंचायत नवागढ़ से भाजपा प्रत्याशी की मौत हो गई है। वार्ड नंबर 14 से BJP कैंडिडेट सीमामनी दिवाकर का बिलासपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया।



सीमामनी ने करीब 25 दिन पहले ऑपरेशन से एक बच्ची को जन्म दिया था, जिसके बाद से उनकी तबीयत लगातार खराब चल रही थी। चुनावी माहौल के बीच उनके निधन से शोक की लहर है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सीमामनी दिवाकर एक अनुभवी नेता थीं और पहले वार्ड नंबर 3 से भाजपा की पार्षद के रूप में सेवा दे चुकी थीं।

शुक्रवार रात उनकी हालत अचानक गंभीर हो गई, जिसके बाद उन्हें बिलासपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन डॉक्टरों के सभी प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका।

उनके निधन की खबर मिलते ही नवागढ़ में चल रहे चुनाव प्रचार बंद कर दिया गया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने इस दुखद घटना पर दुख जताया है। चुनाव प्रचार के दौरान मौजूद स्थानीय लोगों ने भी दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी।



## चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व डिप्टी सीएम ने बच्चों को दिया आटोग्राफ

**अंबिकापुर।** नगर निगम चुनाव के प्रचार में अंबिकापुर के वार्ड क्रमांक 18 में पूर्व उपमुख्यमंत्री नन्हें-मुन्ने प्रशंसकों से घिर रहे। अपने लोकप्रिय नेता को अपनी बीच पाकर बच्चों में ऑटोग्राफ लेने होड़ मची रही। इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चों ने अपनी स्कूली की कॉपियों पर उनसे ऑटोग्राफ लिए। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने बच्चों के सवालों का जवाब दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में वार्ड के लोग मौजूद रहे।

## सुखदा में जारी भागवत कथा में आज मनाएंगे कृष्ण जन्मोत्सव

**देवरघटा।** ग्राम सुखदा में रुक्मणी चंद्र के निवास में संगीतमय भागवत महापुराण कथा का आयोजन 4 से 12 फरवरी तक किया जाएगा। रविवार को कृष्ण जन्म उत्सव और गोवर्धन पूजा का उत्सव मनाया जाएगा। चन्द्रा परिवार ने सभी धर्म प्रेमियों से अपील की है कि उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और भागवत रस का आनंद लें। बता दें कि सुखद में चल रहे संगीतमय भागवत महापुराण कथा के आयोजन में लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं और पूरा गांव में भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

इसी तरह ग्राम ढोरला में प्रभाकर सिंह के यहां चल रहे शिव महापुराण कथा का श्रवण करने ढोरला सहित आसपास के गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। व्यास पीठ से कथा वाचक श्रद्धा दीदी ने कथा के सातवें दिन जलधार आख्यान, तुलसी का विष्णु की को श्राप अंधक उत्पत्तिअर्ध नारीश्वर कथा और हनुमान जन्म की कथा विस्तार पूर्वक सुनाई।

## कच्ची शराब के साथ तीन युवक को पुलिस ने दबोचा

**जांजगीर।** लक्जरी कार में कच्ची शराब लेकर जा रहे तीन आरोपी को पुलिस ने पकड़ा और उनके कब्जे से 250 लीटर कच्ची शराब जब्त कर उन्हें गिरफ्तार किया है। चांपा पुलिस के अनुसार थाने में मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ युवक बड़ी मात्रा में अवैध रूप से शराब का परिवहन कर रहे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस ने एक सफेद रंग की कार में सवार बोडसरा ?निवासी आशीष खैरवार (22 साल), नगरदा थाना अंतर्गत ग्राम पटेरापाली निवासी मंगलूराम खैरवार (30 साल) और इंद्र कुमार खैरवार (29 साल) को सामने से आता देखा। पुलिस ने उनकी कार रुकवाई और गाड़ी की तलाशी ली। जांच के दौरान पुलिस को उसकी गाड़ी में रखी 250 लीटर कच्ची शराब मिली। पुलिस ने शराब को जब्त कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है।

## नाला बनाने खोदा गड्ढा, गली में पड़ा मलबा

**बिलासपुर।** बिलासपुर में नगर निगम चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने से पहले आनन-फानन में वर्क आर्डर जारी कर दिया। जिसके



बाद ठेकेदार ने नाले की खुदाई करते हुए सड़क पर मलबा छोड़ दिया। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानी होने लगी है। इस मामले को हाईकोर्ट ने जनहित याचिका मानकर सुनवाई शुरू की है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रवींद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने मामले में निगम आयुक्त से शपथपत्र के साथ जवाब मांगा है।

दरअसल, नगर निगम ने आचार संहिता लागू होने से पहले वार्ड क्रमांक 19 कस्तूरबा नगर में नाला निर्माण के लिए करीब 70 मीटर लंबे नाले के निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद वर्क ऑर्डर जारी किया। जिस ठेकेदार को काम दिया गया है, उन्होंने नाले की खुदाई भी शुरू कर दी और मलबा को गली में मलबा रख दिया है। यहां लोगों के घर से निकलने और आने-जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की गई है।

निगम के अफसरों ने नहीं दिया ध्यान, 15 परिवारों की बढ़ी मुसीबतें ठेकेदार ने मलबा गली के किनारे पर छोड़ दिया है, जिसके कारण गली में आने-जाने का रास्ता भी नहीं बचा है। किसी तरह मुश्किल से लोग कीचड़ के बीच आना-जाना कर रहे हैं। कई घरों के ठीक सामने गड्?ढा खोद दिया गया है, जिससे वहां रहने वालों का निकलना मुश्किल हो गया है।

इस कारण करीब 15 घरों में रहने वाले लोग अपने घरों के अंदर रहने पर मजबूर हैं। वार्ड पार्षद चुनाव में व्यस्त हैं तो वहीं, जिम्मेदार अधिकारी भी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। दैनिक भास्कर में प्रकाशित फोटो को हाईकोर्ट ने जनहित याचिका मानकर सुनवाई शुरू की है।

**निगम ने दिया जवाब- हटा दिया गया है मलबा**

शुक्रवार को मामले की सुनवाई को दौरान नगर निगम की तरफ से बताया गया कि नाली की खुदाई के बाद पड़ा मलबा हटा दिया गया है। जिसके बाद गली चलने लायक हो गई है। हालांकि, कोर्ट ने पाया कि गली के एक किनारे पर मलबा पड़ा हुआ है। इस पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने निगम आयुक्त को शपथ पत्र के साथ जवाब प्रस्तुत करने कहा है। मामले की अगली सुनवाई 24 फरवरी को होगी।

# चुनावी शराब पीने से गांव में 8 लोगों की मौत, 4 की हालत नाजुक

**बिलासपुर।** बिलासपुर शहर से 10 किलोमीटर दूर लोफंदी गांव में जहरीली शराब पीने से 8 लोगों की मौत हो गई। दो अन्य को गंभीर स्थिति में हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। सभी लोगों ने गांव में ही मंगलवार को शराब पी थी और एक वैवाहिक कार्यक्रम में खाना खाया था। इसके बाद तबीयत बिगड़नी शुरू हुई। बुधवार को एक व्यक्ति की मौत हुई। इसके बाद गुरुवार को चार और शुक्रवार को दो लोगों की मौत हुई।

इनमें 6 लोगों का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया। शनिवार को सुबह जब पुलिस व प्रशासन की जानकारी में यह बात आई, तब आनन-फानन में टीमें गांव पहुंची। दो लोगों के शव को अंतिम संस्कार से पहले पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

मीडिया की टीम जब लोफंदी गांव पहुंची, तब लोगों ने बताया कि शराब पीने की वजह से सबकी तबीयत बिगड़ी और एक-एक कर मौत हो गई। हालांकि हॉस्पिटल की रिपोर्ट में कुछ लोगों की मौत हार्ट अटैक से बताई गई है। दैनिक भास्कर के पास घुटकू स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर का वीडियो है, जिसमें वे शराब पीने के बाद ग्रामीणों के पहुंचने की बात स्वीकार रहे हैं।

वहीं, सिम्स स्थित पुलिस चौकी की डायरी में एक व्यक्ति की मौत शराब से होने से उल्लेख है। गंभीर स्थिति को देखते हुए लोफंदी गांव में मेडिकल कैम्प लगाया गया है। वहां, बीमार लोगों का इलाज किया जा रहा है।

**शराब पीकर घर आए, हालत बिगड़ी, खून की उल्टियां हुईं**

मीडिया टीम लोफंदी गांव पहुंची, जहां शराब से मौतें हुईं। मृतकों में शामिल रामू की बहू



कन्हैया पटेल, बलदेव पटेल, देवकुमार पटेल, रामू सुनहले, [illegible] देवांगन, कोमल लहरे, कोमल देवांगन, बुधराम पटेल

दुर्गा सुनहले ने बताया कि मेरे ससुर मंगलवार रात शराब पीकर घर आए। तबीयत बिगड़ी तो सेंदरी ले गए। वहां से सिम्स रेफर किया गया। सिम्स में खून की उल्टियां की, फिर कुछ देर बाद मौत हो गई। ऐसी ही वाकया कोमल की पत्नी लता देवांगन ने दोहराया।

उन्होंने बताया कि मेरा पति बुधवार रात को शराब पीकर आए और सो गए। मैंने उन्हें खाना खाने के लिए जगाया, लेकिन वह नहीं उठे। तब सिम्स लेकर गए लेकिन रास्ते में ही मौत हो चुकी थी। मृतक कन्हैया की बेटी द्रौपदी ने बताया कि गुरुवार रात को पिता की अचानक तबीयत बिगड़ी। वे कहने लगे कि आंखों के सामने अंधेरा छा रहा है। तब हम हॉस्पिटल लेकर गए। वहां मौत हो गई। पीएम के लिए किसी ने नहीं बोला।

देवप्रसाद की बेटी प्रीति पटेल ने बताया कि पिता की शराब से तबीयत बिगड़ी। उन्हें सिम्स लेकर गए। वहां मौत हो गई। अभी जो लोग मरे हैं, उनमें सबसे पहले मेरे पिता ही हैं। सूचना मिलने पर मैं अपने ससुराल उरला से आई हूं।

**गांव में खुलेआम बिक्री, होम डिलीवरी कर रहे तस्कर**

लोफंदी गांव में जिनके परिवार उजड़ गए, उन्होंने भास्कर को बताया कि गांव में 8-10 सालों से खुलेआम शराब बिक रही है। कई बार थाने में शिकायत की, पर कार्रवाई नहीं हुई। इस कारण शराब की अवैध बिक्री नहीं रुकती। परमेश्वर देवांगन के अनुसार लोफंदी के 7-8 लोग गांव में अवैध रूप से शराब तो बेचते ही हैं, साथ ही घुटकू से होम डिलीवरी भी होती है।

फोन करने पर घुटकू से दो-तीन लोग गैलन में शराब लेकर आते हैं और यहां 50 रुपए पाव के हिसाब से बेचते हैं। रेलवे स्टेशन पारा व खोलीपारा में शराब बनती है। इसे बस्ती में सप्लाई करते हैं। मंगलवार को लोफंदी में साप्ताहिक बाजार लगता है। नदी किनारे लोग शराब लेकर आते हैं। चार आदमी शराब खरीदकर बेचते हैं। इसे पाउच में पैक किया जाता है।

***लोफंदी में अधिकारियों को मौके पर रवाना किया गया। हेल्थ कैम्प लगाया है, ताकि त्वरित इलाज हो। मौत के कारणों की जांच जारी है।***

***-अवनीश शरण, कलेक्टर***

***सीएसपी के नेतृत्व में जांच टीम बनाई गई है। टीम सभी मौतों की जांच करेगी। इस बात की भी जानकारी जुटाई जा रही है कि लोगों ने मौत के बाद बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार क्यों किया।***

***-रजनेश सिंह, एसपी***

## नल जल का कार्य पिछले 2 साल से ठप

**पंतोरा।** पंतोरा पंचायत और आश्रित ग्राम मुड़ाभाठा में अब तक ग्रामीणों को नल जल योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। केन्द्र सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना यहां फेल साबित हो रही है। ठेकेदार द्वारा बाकी बचे कार्य को पूरा कराने को लेकर किसी प्रकार की रुचि नहीं ले रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने पांच महीने पहले कलेक्ट्रेट का घेराव किया था और कलेक्टर ने आश्वासन भी दिया था। उसके बाद भी अब तक कार्य ठप पड़े है और ग्रामीणों को नल जल योजना से जल अब तक नहीं मिल सका है।

## चाकू की नोक पर युवक से की मारपीट

**जांजगीर।** मामूली बात पर कुटीघाट के युवकों ने एक युवक के साथ गाली-गलौज करने लगे इसी बीच एक युवक ने अपनी जेब से चाकू? निकाला और उससे मारने का प्रयास किया। जैसे-तैसे युवक ने भागकर अपनी जान बचाई। इधर वारदात के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र का है।

पुलिस के अनुसार पामगढ़ थाना अंतर्गत केसरा का रहने वाला युवक रामप्रकाश पटेल(29) शुक्रवार की शाम अपने भांजे चेतन पटले के साथ काम से कुटीघाट आया था। वह कुटीघाट के डीके मोबाइल पहुंचा, यहां उसने अपनी बाइक खड़ी की ओर और दुकान में अंदर पहुंचा। यहां काम पूरा कर वह दुकान से बाहर निकला और अपनी बाइक के पास पहुंचा। इसी बीच गांव के कुछ युवक उसके पास पहुंचे। वे बाइक को जबरदस्ती हटाने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज करने लगे। रामप्रकाश ने उन्होंने गाली देने से मना किया। इस पर सभी युवक मिलकर रामप्रकाश के साथ मारपीट करने लगे। इसी बीच विनय गोविंदा टंडन ने जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू मारने का प्रयास किया। जैसे-तैसे रामप्रकाश ने भागकर अपनी जान बचाई।

## आचार संहिता के दौरान सरकारी जमीन पर कब्जा

**करनौद।** ग्राम पंचायत करनौद में बिजली विभाग अंतर्गत सबस्टेशन के पास राजस्व की जमीन है। इस पर करनौद सब स्टेशन का लाइनमैन ही कब्जा जमा चुका है। गांव वालों ने पहले बिजली विभाग के असिस्टेंट इंजीनियर से इसकी शिकायत की तो उसने काम बंद कर दिया था। आचार संहिता लागू होने के बाद दोबारा जमीन की घेराबंदी कर अवैध कब्जा किया जा रहा है। मना करने पर वह नहीं मान रहा।

## चॉइस सेंटर संचालक को पीट की तोड़फोड़

**जांजगीर।** कुटीघाट के च्वाइस सेंटर में रुपए निकलवाने पहुंचे युवकों को कैश नहीं तो भड़क गए। उन्होंने च्वाइस सेंटर संचालक को पीटकर दुकान में तोड़-फोड़कर भी की। पुलिस तीन नामजद सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र का है। ग्राम कुटीघाट निवासी युवक धनंजय पटेल ग्राम कुटीघाट में च्वाइस सेंटर व मोबाइल रिपेयरिंग का काम करता है। शुक्रवार को वह अपनी दुकान में बैठा था। इसी बीच उसके दुकान में महेश जायसवाल, गोपेश जायसवाल, पुरुषोत्तम केंवट अपने अन्य दोस्तों के साथ पहुंचे। उन्होंने धनंजय को रुपए निकालने को बोला, तब धनंजय ने उनसे कैश नहीं होने की जानकारी देते हुए कुछ देर के बाद रुपए देने की बात कही। इस बात से नाराज युवकों ने धनंजय के साथ के साथ मारपीट की।

# टिटलागढ़ पैसेंजर से 6 लाख के जेवरात की चोरी

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ से गुजरने वाली टिटलागढ़ पैसेंजर ट्रेन में चोरी की एक बड़ी घटना हुई है। चोरों ने ट्रॉली बैग से 6 लाख के जेवरात पार कर दिए। घटना नैला से खरसिया के बीच हुई थी। घटना की सूचना के बाद रायगढ़ जीआरपी ने मामला दर्ज किया। पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक ओडिशा के परदेशी पारा झंडा चैक के रहने वाले सौरभ सिंह (38) पत्नी के साथ शुक्रवार को टिटलागढ़ पैसेंजर में बिलासपुर से झारसुगुड़ा जाने के लिए सवार हुए।

सफर के दौरान चांपा रेलवे स्टेशन के बाद पति-पत्नी को नींद आ गई और जब राबर्टसन में उनकी नींद खुली, तो सौरभ ने देखा कि उनके ट्रॉली बैग की चेन टूटी हुई है। इसके बाद बैग को चेक करने से उसमें रखे सोने का रानी हार, गले का हार, कान का लटकन, झुमका समेत 6 लाख के जेवरात नहीं थे।

**जीआरपी थाना में लिखाई रिपोर्ट**

पीड़ित ने तत्काल रायगढ़ में उतरकर जीआरपी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। जीआरपी ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 305 (सी) बीएनएस



कायम कर मामले मामले की जानकारी आरपीएफ गुप्तचर शाखा को दी। इसके बाद गुप्तचर शाखा की टीम और रायगढ़ जीआरपी के जवान मामले में जांच शुरू की।

**किरोड़ीमल स्टेशन में आरोपी पकड़ाए**

पुलिस की टीम शनिवार रात में किरोड़ीमल रेलवे स्टेशन जांच के लिए पहुंची, तो यहां कुछ युवक उन्हें देखकर भागने की कोशिश करने लगे। ऐसे में उन्हें पकड़ा गया और पूछताछ करने पर उन्होंने ट्रॉली बैग से चोरी करना कबूल किया।

जिसके बाद उन्हें जीआरपी थाना लाया गया और उनके पास से 6 लाख का जेवरात जीआरपी ने बरामद कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

**ये हैं पकड़े गए आरोपी**

गुप्तचर और जीआरपी की संयुक्त टीम ने उसने पूछताछ की। तब उन्होंने अपना नाम चतुरी मंडल (36) जिला मुंगेर, बिहार, रबिन कुमार (24), सतीश कुमार (38), दीपक कुमार (35), कृष्ण कुमार (20) मीरगंज निवासी बताया।

**ऐसे करते थे चोरी**

आरोपियों से पूछताछ में उन्होंने बताया कि उनका 5 लोगों का ग्रुप है। ये अधिकतर महिला यात्रियों जो बच्चों के साथ ट्रेन में सफर करती हैं, उन्हें निशाना बनाते थे। इसमें से एक-दो व्यक्ति यात्री का ध्यान भटकाने के लिए बात करता था।

तीसरा चोर खड़ा होकर अन्य यात्रियों को कवर करता था। चौथा चोर अन्य यात्रियों पर नजर रखता था और पांचवा चोर धारदार पेचकस से यात्री के बैग के चेन को खोलकर सामान निकालकर उसे दोबारा बंद कर देता था। इस तरह ये चोरी की घटना को अंजाम देते थे।

**आरोपी भागने के फिराक में थे**

जीआरपी थाना प्रभारी डीएन श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी नैला से चढ़े थे और घटना को अंजाम देकर झाराडीह में उतर गए थे। उसके बाद किसी तरह किरोड़ीमल नगर पहुंचे थे और यहां से दूसरी ट्रेन पकड़कर भागने के फिराक में थे। तभी इन्हें पकड़ लिया गया।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान कल से 28 तक

**बिलासपुर।** जिले में 10 से 28 फरवरी तक राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सामूहिक दवा सेवन और राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस से जुड़ी गतिविधियां होंगी। स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर डीओटी पद्धति से दवा खिलाएंगे। साथ ही फाइलेरिया से बचाव, दवा के फायदे और बीमारी से होने वाली जटिलताओं की जानकारी देंगे। 10 से 14 फरवरी तक आंगनबाड़ी, स्कूल और शैक्षणिक संस्थानों में बूथ लगाकर दवा दी जाएगी। 15 से 25 फरवरी तक स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर दवा खिलाएंगे। वहीं 26 से 28 फरवरी तक मॉप-अप राउंड चलेगा। इसमें छूटे हुए लोगों को दवा दी जाएगी।

**बिलासपुर।* बिलासपुर जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मस्तूरी ब्लॉक में 17 फरवरी को होने वाले मतदान के लिए पचपेड़ी आईटीआई भवन में स्ट्रांग रूम की व्यवस्था की गई है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर अवनीश शरण और एसपी रजनेश सिंह ने आज विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर और एसपी ने शुक्रवार को मस्तूरी ब्लॉक के सचिवों और कोटवारों के साथ बैठक की।

## 9 किलो गांजा के साथ मुख्य सप्लायर को धरदबोचा

**अंबिकापुर।** जिले के सीतापुर क्षेत्र में आबकारी विभाग की उड़नदस्ता टीम ने कार में गांजा लेकर जा रहे जशपुर जिले के पंडरीपानी इलाके के मुख्य सप्लायर को धरदबोचा। आबकारी विभाग के अनुसार आरोपी शोभराज यादव निवासी पंडरीपानी जशपुर शनिवार को कार सीजी 13 सी 9799 से सीतापुर क्षेत्र में गांजा सप्लाई के लिए आ रहा था। मुखबिर की सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने मंगरेलगढ़ जाने वाले रोड पर पुलिया के पास नाकेबंदी कर कार को रोका।। कार शोभराज यादव चला रहा था। कार की तलाशी लेने पर उसकी डिक्की में एक पिट्ठू बैग में एक-एक किलो के 9 पैकेट कुल 9 किलो गांजा पाया।

## अनमोल वचन......

**मोन में इतनी शक्ति है की आपको कही ख़तरनाक परिस्थिति से बाहर निकाल सकती है ।**

## इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नोटिस

देश के किसी भी राज्य की पुलिस व्हाट्सएप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों द्वारा किसी आरोपी को नोटिस नहीं भेज सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगाते हुए पुलिस को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 41ए (भारतीय सुरक्षा संहिता की धारा35) को लेकर आदेश दिया। अदालत ने राज्य सरकारों को स्थाई आदेश जारी करने का आदेश दिया। उन्हें सीआरपीसी या बीएनएसएस के तहत सेवा के निर्धारित तरीकों के माध्यम से ही नोटिस जारी करने को कहा।

हरियाणा के डीजीपी के आदेश में कहा गया था कि सीआरपीसी की धारा 41ए व बीएनएसएस की धारा35 के तहत नोटिस भौतिक रूप से या वाट्सएप, एसएमएस, ई-मेल व किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से तामील कराये जा सकते हैं। सबसे बड़ी अदलात अपने एक फैसले में व्हाट्सएप के जरिए दिए नोटिस को पहले ही गलत बता चुकी है। वास्तव में व्यक्तिगत रूप से नोटिस देने में कई दफा पुलिस असफल रहती है। आरोपी तक उसकी पहुंच न हो या वह पकड़ न आ रहा हो तो नोटिस देने में उसे कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। कई दफा पुलिस नोटिस रिहाइस में चिपकाकर इतिश्री करने की रस्म निभाती नजर आती है। आधुनिक तकनीकि और संचार माध्यमों के उपयोग को दर-किनार करना अब अव्यावहारिक नहीं ठहराया जा सकता। आज जब अपराधियों की धर-पकड़ में उनकी लोकेशन का खुलासा करने में फोन और नेट-वर्क सबसे बड़ी भूमिका निभा रहे हैं।

ऐसे में इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से नोटिस न देने का निर्णय पुलिस के अधिकारों को सीमित करने सरीखा है। आधुनिक तकनीकि व प्रौद्योगिकी को रोजमर्रा के जीवन में आसानियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रयोग किए जाने में कोई हर्ज नहीं। यह आवश्यक है कि नोटिस प्राप्ति की सूचना स्पष्ट तौर पर प्राप्त होने का प्रमाण पुलिस के हाथ हो ताकि उसे साक्ष्य प्राप्त करने में दिक्कत न हो। पुराने व पारंपरिक तरीकों को बदलना निसंदेह जोखिमपूर्ण हो सकता है। मगर इस भय से सुविधाओं को नित-प्रति जीवन से दूर नहीं रखा जा सकता। हालांकि पुलिस भी अपने अधिकारों का दुरुपयोग करने को कम बदनाम नहीं है। वह रस्मादायगी के तौर पर मैसेज, वाट्सएप या ई-मेल कर हाथ पर हाथ रखे बैठी रह सकती है। अदालती नोटिसों से न घबराने वाले दोषियों की धर-पकड़ अंततः पुलिस का ही जिम्मा है।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज दिन भर आपकी एनर्जी भरपूर बनी रहेगी और विपरीत परिस्थितियों में भी आप समस्या का हल निकालने में सक्षम रहेंगे। आज आय के साधनों में बढ़ोतरी होगी। आपको किसी नजदीकी रिश्तेदार के यहां धार्मिक आयोजन में जाने का मौका मिलेगा।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अगर मन में किसी बात को लेकर कुछ नकारात्मक विचार उठ रहे हैं तो उन पर काबू पाने का प्रयास करेंगे और सफल भी होंगे। आज अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए ध्यान केंद्रित करेंगे। कुछ समय आध्यात्मिक गतिविधियों या मेडिटेशन आदि में बिताएंगे इससे काफी हद तक आपको सुकून मिल सकता है।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। अगर पैतृक संपत्ति संबंधी मामला अटका हुआ है तो आपसी तालमेल से सुलझाने की कोशिश करेंगे। कहीं पैसा उधार दिया हुआ है या रुका हुआ है तो वापस मिलने के योग बन रहे हैं। आज आपके सहज और उत्तम स्वभाव की वजह से लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार के साथ चल रही अनबन को सुधारने में आप की विशेष भूमिका रहेगी, सभी लोग आपकी बात मानेंगे। कारोबार में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए बहुत मेहनत करने की जरूरत है।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज प्रॉपर्टी संबंधी समस्या का समाधान निकालने के लिए अच्छा समय है, अनुभवी लोगों का सपोर्ट मिलेगा। सावधानी और आत्मविश्वास द्वारा अधिकतर काम सुचारु रूप से संपन्न हो जाएंगे। आज अपने निर्णय को ही प्राथमिकता देंगे। अपनी समस्याओं को छोड़कर नई शुरुआत करने की कोशिश करें।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी न किसी कार्य को लेकर चल रही व्यस्तता आपको थका देगी, परंतु इस मेहनत का परिणाम बेहतर मिलने से राहत मिलेगी। किसी समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा, आपसी मेलजोल से खुशी मिलेगी। आज आप रिश्तों को सहेज कर रखेंगे। आज किसी रिश्तेदार के साथ चल रही गलतफहमियां समाप्त होगी।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप जिस काम को पूरा करने की ठान लेंगे, उसे पूरा करके ही दम लेंगे। आज सामाजिक गतिविधियों में आपका योगदान अवश्य रहेगा, इससे संपर्क दायरा बढ़ेगा और साथ ही अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण रूप से एकाग्र चित्त रहेंगे। फाइनेंस के मामलों में आज का दिन फायदेमंद साबित होगा।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती है, लेकिन साथी और कर्मचारियों की मदद से समस्या हल हो जाएगी। नए काम से जुड़ी योजना बनाने से पहले उसके बारे में पूरी जानकारी लेना जरूरी है। कार्यस्थल पर आज काम कम होने से सुकून मिलेगा।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज पिछले कुछ समय से चल रहे खर्चों को व्यवस्थित करने से आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज बड़ी उपलब्धि मिलने से मन प्रसन्न रहेगा, साथ हीऔर नई जानकारियां सीखने को मिलेंगी। आज बच्चों का पढ़ाई की तरफ ध्यान देखकर मन में तसल्ली रहेगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। माता-पिता का आशीर्वाद और सानिध्य बना रहेगा।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज अपने आसपास की स्थिति को सकारात्मक नजरिए से समझेंगे इससे आप और प्रभावशाली होंगे। आज कई तरह की गतिविधियों में व्यस्तता रहेगी और आपको इसके उत्तम परिणाम भी मिलेंगे। बच्चों की पढ़ाई अथवा करियर को लेकर चल रही उलझन दूर होगी। ऊर्जा और उत्साह को बनाए रखने से मनोवांछित परिणाम हासिल करेंगे।

**कुंभ राशिः** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने दृढ़ निश्चय और मेहनत से किसी विशेष काम को पूरा करने में सफलता हासिल करेंगे। आज किसी भी स्थिति में ज्यादा न उलझे और अपने गुस्से पर काबू रखें। घर के अनुभवी व्यक्ति की सलाह और मार्गदर्शन की अवहेलना नहीं करेंगे तो कुछ अच्छा और नया सीखने को मिल सकता है। किसी राजनीतिक व्यक्ति की भी सहायता मिलेगी।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। जीवन में आपको जो सफलता अभी तक प्राप्त हुई हैं, उनकी वजह से स्थिरता मिलेगी। आज आपके जीवनसाथी का साथ आपके आत्मविश्वास और आत्म बल को और अधिक मजबूत बनायेगा। सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति रहेगी और संपर्क दायरा भी बढ़ेगा।

# अपराधियों पर नकेल

//डॉ. एस.के. मिश्र//

**भारत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) के लिए आपराधिक मामलों में इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए विशेष रूप से भारतपोल पोर्टल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लॉन्च किया गया है। यह पोर्टल भारत में आपराधिक घटनाओं के वांछित भगोड़ों के विरुद्ध लाल' तथा अन्य रंग कोडित नोटिस जारी करने के अनुरोधों को सुगम बनाता है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा बनाए गए इस पोर्टल की महत्त्वपूर्ण विशेषता रीयल टाइम इंटरफेस है।**

अभी तक इंटरपोल के साथ काम करने वाली एकमात्र एजेंसी सीबीआई होती थी किंतु भारतपोल लॉन्च होने से हर भारतीय एजेंसी और सभी राज्यों की पुलिस अंतरराष्ट्रीय पुलिस संगठन (इंटरपोल) के साथ जुड़ सकेंगी। पोर्टल और तीन नये आपराधिक कानून विदेश भागे अपराधियों को पकडने का मजबूत माध्यम सिद्ध हो सकेंगे। गृह मंत्रालय के अनुसार भारतपोल वास्तविक समय पर सूचना साझा करने और अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहायता तक तेजी के साथ पहुंच को सक्षम करके केंद्रीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों और राज्यों की पुलिस के बीच इस प्रकार से समन्वय स्थापित करेगा कि अपराधी की तलाश एवं वापसी की प्रक्रिया और भी सुगम हो जाएगी।

गृह मंत्री ने कहा कि नया पोर्टल केंद्रीय और राज्य जांच एजेंसियों को इंटरपोल में 195 सदस्य देशों से अपने मामलों की सीधे तौर पर जानकारी साझा करने और उनसे जानकारी प्राप्त करने की अनुमति देगा। नई दिल्ली के भारत मंडपम में संपन्न सीबीआई के अलंकरण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारतपोल' की शुरुआत के साथ भारत अंतरराष्ट्रीय जांच में नये युग की शुरुआत कर रहा है। भारतपोल' नेटवर्क के माध्यम से 195 देशों के साथ मादक पदाथरे, हथियारों, मानव तस्करी और सीमा पार के अनेक अपराधों से संबंधित घटनाओं से निपटने के लिए सहयोग संभव हो सकेगा। अंतरराष्ट्रीय अपराधों का विश्लेषण करने, उन पर लगाम लगाने से संबंधित तथा अपराधियों को पकडने में इससे सहयोग मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि फिलहाल राज्यों की पुलिस विदेश भाग चुके अपराधियों का पता लगाने और तत्पचात उनके प्रर्त्यापण के लिए केस दर केस फैसला करती हैं। इससे विदेश में रह रहे अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई समय पर सुनिश्चित नहीं हो पाती।

अभी तक राज्यों की पुलिस को विदेश भागे भगोड़े के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस अथवा अन्य नोटिस जारी करने के लिए सीबीआई से ई-मेल, पत्र व्यवहार अथवा फैक्स के माध्यम से संपर्क करना पड़ता था। मामलों के फॉलोअप में भी यही तरीका अपनाना होता था। भारतपोल प्रारंभ हो जाने से यह व्यवस्था बदल जाएगी। इस पोर्टल पर किसी अपराधी के विरुद्ध रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने के लिए आवेदन किया जा सकता है, जो सीबीआई की मार्फत तत्काल इंटरपोल तक पहुंच जाएगा। पोर्टल पर ही किसी केस की मौजूदा स्थिति को भी देखा जा सकता है अर्थात देश के सुदूर कोने से भी राज्य पुलिस अथवा कोई अन्य जांच एजेंसी विदेश भागे अपराधी का पता लगाने के लिए सरलता एवं शीघ्रता से इंटरपोल तक पहुंच सकती है। पोर्टल के माध्यम से ऐसे अपराधियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा सकेगी जो दूसरे देशों में अपराध करने के पश्चात भारत में छिप कर रह रहे हैं। अतः देश की जांच एजेंसियों को भारतपोल का भरपूर इस्तेमाल करना चाहिए ताकि अपराधियों को ढूंढ लाना संभव हो सके। तीनों आपराधिक कानून लागू होने से अपराधियों के विरुद्ध उनकी अनुपस्थिति में भी ट्रायल करने का रास्ता साफ हो गया है।

उल्लेखनीय है कि आधुनिक तकनीक से बने भारतपोल पर अंतरराष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन के 19 प्रकार के डाटा बेस उपलब्ध हैं, जो अपराधों का गहन विश्लेषण अथवा मीमांसा करने, अपराध रोकने और अपराधियों को पकडने में सशक्त सहयोगी सिद्ध हो सकेंगे। वास्तव में वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी पणालियों एवं तंत्रों को उन्नत करने की सामयिक आवश्यकता थी और भारतपोल उस दिशा में समयोचित कदम कहा जा सकता है। गृह मंत्री शाह ने कहा कि भारतपोल के पांच प्रमुख मॉड्यूल-कनेक्ट, इंटरपोल नोटिस, संदर्भ, प्रसारण और संसाधन-हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों को समर्थन देने के लिए तकनीकी मंच प्रदान करते हैं। कनेक्ट के माध्यम से हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियां अनिवार्य रूप से इंटरपोल के राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी, नई दिल्ली) के विस्तार के रूप में कार्य करेंगी। यह प्रणाली इंटरपोल नोटिस के अनुरोधों पर त्वरित, सुरक्षित और संरक्षित प्रसारण सुनिश्चित करेगी जिससे भारत के भीतर एवं बाहर अपराधियों का तेजी से पता लगाने के लिए वैज्ञानिक तंत्र सक्षम होगा और समय पर अपराधियों पर नकेल डाली जा सकेगी।

निस्संदेह भारतपोल पोर्टल इंटरपोल डेटाबेस तक पहुंचेगा जिससे अधिकारी डाटा का विश्लेषण करने, अपराध रोकथाम रणनीति विकसित करने और अपराधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से पकडने और पता लगाने में सक्षम होंगे। वास्तव में इस दौर में साइबर अपराध की दुनिया में अनवरत उभरतीं चुनौतियों का तीव्रता, निपुणता तथा दक्षता से समाधान करने की प्रणाली की क्षमता को त्वरित गति की जरूरत भी है। निश्चित ही भारत की इस क्षेत्र में पहल क्रांतिकारी परिणाम दे सकेगी जिसमें जांच प्रक्रियाओं को फिर से परिभाषित करने और कानून प्रवर्तन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की क्षमता निहित है। भारतपोल का उद्देश्य इंटरपोल के साथ संवाद को सीधे तौर पर सरल, सुलभ, सक्षम, समयबद्ध और तीव्र गति से सुविधाजनक बनाना है। 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प चरितार्थ करने वाला यह महत्त्वपूर्ण कालखंड भी है। अतः हमें अपनी वर्तमान चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए अपनी व्यवस्थाओं को अपग्रेड करना होगा। भारत की समृद्धि और सुरक्षा के साधन सम-सामयिक बनाने पर विशेष बल देना होगा ताकि समय रहते समस्या का समाधान संभव हो सके।

# संबंधों में बढ़ती हिंसा और असंवेदनशीलता

//सोनम लववंशी//

**तेलंगाना में पूर्व सैनिक गुरुमूर्ति द्वारा अपनी पत्नी माधवी की हत्या और उसके शव के साथ की गई बर्बरता ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। यह घटना न केवल एक जघन्य अपराध की कहानी है, बल्कि समाज में व्याप्त हिंसा की प्रवृत्ति, रिश्तों में बढ़ती असंवेदनशीलता और मानसिक विकृति का भी प्रमाण है।**

इस वारदात ने श्रद्धा वालकर की हत्या की यादें ताजा कर दी हैं, जहां उसके कथित प्रेमी ने उसे मार कर शव के टुकड़े कर दिए थे। ऐसी घटनाएं समाज के भीतर गहरी पैठ बना चुकी क्रुरता और रिश्तों में बढ़ती दरारों को उजागर करती हैं। गुरु मूर्ति ने अपनी पत्नी को मारने के बाद उसके शव को टुकड़ों में काट कर कुकर में उबालने और फिर झील में फेंकने जैसा अमानवीय कृत्य किया। यह किसी साधारण अपराध की श्रेणी में नहीं आता। यह घटना हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता और मानसिक अस्थिरता को दर्शाती है। रिश्तों में असहमति होना स्वाभाविक है, लेकिन जब यह असहमति हिंसा का रूप ले लेती है, तो यह समाज के लिए गंभीर चेतावनी बन जाती है। यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर, ऐसा क्या हो गया है कि रिश्ते अब हिंसा और हत्या की ओर बढ़ रहे हैं।

पति-पत्नी के बीच संबंधों को निजी मामला माना जाता है, लेकिन क्या इन संबंधों में मानवता और संवेदनशीलता पूरी तरह खत्म हो चुकी है। गुरुमूर्ति और माधवी के बीच झगड़े पहले भी होते रहे होंगे, लेकिन इन झगड़ों ने हिंसा का ऐसा स्वरूप ले लिया जो किसी भी सभ्य समाज के लिए अस्वीकार्य है। जहां यह दंपति रहता था, वहां के पड़ोसियों को भी इस बात की भनक तक नहीं लगी। यह समाज में बढ़ती एकाकी प्रवृत्ति और पड़ोसियों के बीच संवादहीनता को उजागर करता है। क्या हम इतने आत्मकेंद्रित हो चुके हैं कि हमारे आसपास क्या हो रहा है, इसकी हमें कोई परवाह नहीं। यह घटना केवल एक अपराध नहीं है, बल्कि समाज के लिए दर्पण भी है, जिसमें हमारी सामूहिक संवेदनहीनता साफ झलकती है।

रिश्तों में विश्वास की कमी और संवादहीनता ऐसी घटनाओं की मुख्य वजह बन रही हैं। घरेलू हिंसा के मामले दिन-ब-दिन बढ़ रहे हैं, लेकिन इन्हें रोकने के लिए केवल कड़े कानून पर्याप्त नहीं हैं। इन घटनाओं के पीछे छिपे मानसिक और सामाजिक कारणों को समझना और उनका समाधान खोजना भी जरूरी है। यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम अपने रिश्तों को सही तरीके से संभाल पा रहे हैं। अगर किसी रिश्ते में समस्या है, तो उसका समाधान संवाद और परामर्श के माध्यम से निकाला जा सकता है। लेकिन जब समस्याओं को नजरअंदाज किया जाता है, तो वे हिंसा का रूप ले लेती हैं। हमें समझने की जरूरत है कि घरेलू हिंसा केवल व्यक्तिगत मामला नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज को प्रभावित करती है।

माधवी की हत्या का मामला यह भी दर्शाता है कि समाज में मानसिक स्वास्थ्य और पारिवारिक तनाव को लेकर जागरूकता की कमी है। हमें समझना होगा कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं किसी भी व्यक्ति को हिंसक बना सकती हैं। इस दिशा में सामूहिक प्रयास की जरूरत है, जिसमें परिवार, समाज और सरकार की भूमिका अहम है। गुरु मूर्ति द्वारा किए गए इस अपराध को केवल एक अपराधी की मानसिक विकृति मान कर खारिज नहीं किया जा सकता। यह घटना समाज में व्याप्त गहरी समस्याओं की ओर इशारा करती है। इसे एक उदाहरण बना कर सुनिश्चित करना होगा कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इसके लिए न केवल सख्त कानूनों की जरूरत है, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाने की भी महती आवश्यकता है। यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि हम किस दिशा में जा रहे हैं। रिश्तों में बढ़ती हिंसा और असंवेदनशीलता को रोकने के लिए हमें अपने मूल्यों और व्यवहारों पर पुनर्विचार करना होगा। यह समाज के लिए चेतावनी है कि अगर हम अब भी नहीं जागे तो ऐसी घटनाएं आम हो जाएंगी। गुरुमूर्ति और माधवी का मामला केवल एक घटना मात्र नहीं है, बल्कि समाज के लिए आत्मचिंतन का विषय भी है। हमें सुनिश्चित करना होगा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए व्यक्तिगत, सामाजिक और संस्थागत स्तर पर जोरदार प्रयास किए जाएं।

# मंदी के चपेट में आने वाली है भारतीय अर्थव्यवस्था


//सतीश सिंह//

**बजट सप्ताह के पहले दिन यानी 27 जनवरी को शेयर बाजार में निवेशकों को 9.5 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। विगत कुछ दिनों से निवेशकों को शेयर बाजार में लगातार नुकसान हो रहा है। हालांकि, इसका कारण देश में मंदी की आहट कतई नहीं है। इसका मुख्य कारण अमेरिका के सेंट्रल बैंक द्वारा भारत में बजट पेश करने से पहले नीतिगत निर्णय की घोषणा करने की संभावना, चीन के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप डीपसीक मॉडल की लोकप्रियता में वृद्धि, भारतीय कंपनियों के दिसम्बर तिमाही के नतीजे का अपेक्षित नहीं रहना आदि हैं। दरअसल, भू-राजनैतिक संकट, लाल सागर में हूती विद्रोहियों की उपस्थिति आदि के कारण भारत के आयात-निर्यात तथा आपूर्ति श्रृंखला पर नकारत्मक प्रभाव पड़ रहा है और आर्थिक गतिविधियों में कमी आने के कारण कंपनियों का तिमाही मुनाफा कम हो रहा है।**

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने 7 जनवरी 2025 को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पहला अग्रिम अनुमान जारी किया और इस अवधि में रियल जीडीपी वृद्धि दर के 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है, जो पिछले वित्त के दौरान 8.2 प्रतिशत रही थी। वहीं, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान रियल जीडीपी के 6.6 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ने का अनुमान जताया है। एनएसओके अनुसार नॉमिनल जीडीपी वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 9.7 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ सकती है, लेकिन भारत में जीडीपी गणना एवं लेखा-जोखा रियल जीडीपी के संदर्भ में की जाती है। भारत की अर्थव्यवस्था मूल रूप से खपत आधारित है, लेकिन पिछले कुछ महीनों में खपत में उल्लेखनीय कमी आई है। मुद्रास्फीति के कारण उपभोक्ताओं की क्रय क्षमता कम हुई है। किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके बढ़ने पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीदारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग घट जाती है। फिर, उनकी बिक्री कम होती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है, कामगारों की छंटनी होती है, रोजगार सृजन में कमी आती है आदि। रेपो दर फरवरी 2023 से 6.5 प्रतिशत के स्तर पर बरकरार है, जिसके कारण उधारी दर भी उच्च स्तर पर बनी हुई है।15 नवम्बर 2024 तक ऋण उठाव घटकर 11.1 प्रतिशत रह गया, जो विगत वर्ष आलोच्य अवधि में 20.6 प्रतिशत रहा था। इस अवधि में जमा वृद्धि दर में भी उल्लेखनीय कमी आई है और इसकी औसत वृद्धि दर मार्च से महज 6.7 प्रतिशत है। बैंक जमा में आई कमी की प्रतिपूर्ति के लिए बैंक सरकारी बॉन्डस को परिपक्वता तिथि से पहले भुना रहे हैं। फिलवक्त, मुद्रास्फीति के कारण जीडीपी वृद्धि दर में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, वित्त वर्ष 2025 और वित्त वर्ष 2026 में मुद्रास्फीति के भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के आसार हैं, लेकिन इसके कई दुष्परिणामों को दृष्टिगत करके मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) और केंद्रीय बैंक, रेपो दर में कटौती करने से गुरेज कर रही है।

अगर हम वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर से भारतीय अर्थव्यवस्था की तुलना करें तो हमारी अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर से बहुत ऊपर है। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के अनुसार 2024 में वैश्विक जीडीपी वृद्धि दर 3.2 प्रतिशत रही और 2025 में 3.3 प्रतिशत रह सकती है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के मुताबिक वैश्विक अर्थव्यवस्था 2024 में 3.1 प्रतिशत और 2025 में 3.2 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ सकती है। दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका से भी भारतीय अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में है और आगामी वर्षो में भी इसके मजबूत बने रहने के आसार हैं। वित्त वर्ष 2024 के दौरान अमेरिका में विकास दर के 2.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025 में 2.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है।वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर के 6.7 प्रतिशत रहने और दूसरी तिमाही में 5.4 प्रतिशत रहने के बाद कुछ अर्थशास्त्री और कुछ देसी एवं वैश्विक एजेंसियां भारतीय अर्थव्यवस्था के मंदी के गिरफ्त में आने की बात कर रहे हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नई दिल्ली में विश्व पुस्तक मेला 2025 के दौरान भारत मंडपम में एक पुस्तक का विमोचन किया, जिसमें साहित्य और ज्ञान साझा करने के महत्व पर प्रकाश डाला गया।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई।



दिल्ली विधानसभा चुनाव में राजौरी गार्डन सीट से जीत हासिल करने के बाद भाजपा उम्मीदवार मनजिंदर सिंह सिरसा समर्थकों के साथ जश्न मनाते हुए।



दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रविंदर सिंह नेगी विजय का चिन्ह दिखाते हुए।



नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद जश्न मनाते हुए।



दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा नई दिल्ली में राज्य विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत के बाद जश्न के दौरान विजय चिन्ह दिखाते हुए।

# दिल्ली में आप के हाथ से सत्ता जाना बिहार के क्षेत्रीय दलों के लिए सबक, बीजेपी का जोश रहेगा हाई




**नईदिल्ली, 09 फरवरी [एजेंसी]।**

दिल्ली के बाद बिहार में ही घमासान की बारी है, जहां अक्टूबर-नवंबर में चुनाव होने हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार-जीत का असर बिहार के दोनों गठबंधनों पर सीधा पड़ेगा। पड़ता भी रहा है। कड़े संघर्ष एवं लंबे इंतजार के बाद आम आदमी पार्टी (आप) पर विजय से भाजपा का आत्मबल बढ़ा है।इससे जदयू को उसकी बराबरी में खड़ा रहने के लिए अतिरिक्त दांवपेंच की जरूरत पड़ेगी। देश की राजधानी से एक सशक्त क्षेत्रीय दल की पराजय का सर्वाधिक असर राजद और जदयू जैसी क्षेत्रीय पार्टियों पर पड़ सकता है। कांग्रेस को बहुत नजरअंदाज करके नहीं चला जा सकता है। दिल्ली में कांग्रेस हारी जरूर है, लेकिन मकसद को बचाकर रखा है। बिहार में भी कांग्रेस अगर दिल्ली की तरह ही अपने आप पर आ गई तो राजद की मुश्किलें बढ़ा सकती है। एक दशक बाद दिल्ली की सत्ता से एक क्षेत्रीय दल के प्रणेता के रूप में अरविंद केजरीवाल के बाहर हो जाने से कांग्रेस की ताकत में वृद्धि हो सकती है। बातचीत के दौरान तेजस्वी यादव के सामने बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद तनकर खड़े हो सकते हैं। घटिया स्ट्राइक रेट के इल्जाम से कांग्रेस लोकसभा चुनाव में ही मुक्त हो चुकी है। राजद से कम सीटों पर लड़कर भी कांग्रेस ने ज्यादा सीटें जीती थीं, जिसके बाद से राजद ने कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करना छोड़ दिया था।

2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में अपने हिस्से की 70 सीटों में सिर्फ 19 पर जीतने के कारण राजद ने कांग्रेस पर घटिया स्ट्राइक का इल्जाम लगाया था। वक्त-बेवक्त इसका ताना भी सुनना पड़ता था, लेकिन कांग्रेस अब नए तेवर के साथ राजद की ओर सहयोग का हाथ बढ़ाकर ज्यादा सीटें मांग सकती है।सबसे ज्यादा प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज प्रभावित हो सकती है, क्योंकि बिहार में वह केजरीवाल की तर्ज पर ही राजनीति कर रही है। दिल्ली का नतीजा अगर उल्टा आता और भाजपा सत्ता से दूर रह जाती तो बिहार में उसकी सहयोगी पार्टियां ज्यादा से ज्यादा सीटों की मांग कर सकती थी, किंतु अब उन्हें विनीत होकर ही भाजपा से बात करनी पड़ेगी।भाजपा की मजबूती के सामने जदयू भी खुद को एक दायरे में सीमित कर सकता है। हालांकि, बिहार में भाजपा-जदयू समेत एनडीए के सभी पांचों दल एकजुट होकर विधानसभा चुनाव की तैयारियों में पहले से ही जुटे हैं। उनकी एकता को दिल्ली से नई ऊर्जा मिलेगी, जिससे महागठबंधन के भीतर खलबली और हताशा की स्थिति बन सकती है।तीन चुनावों से बिहार में विधानसभा का चुनाव दिल्ली के बाद ही होता आ रहा है।

दिल्ली में वर्ष 2015 में भी केजरीवाल से करारी हार के कारण बिहार में टूटे मनोबल के साथ भाजपा को जाना पड़ा था। तब बिहार में नीतीश कुमार की कृपा से जीतनराम मांझी की सरकार थी, जो एक वक्त के बाद जदयू के नियंत्रण से बाहर हो चुकी थी।मांझी सरकार को नीतीश गिराना चाहते थे। भाजपा अगर मांझी के साथ खड़ी हो जाती तो नीतीश कामयाब नहीं होते, किंतु दिल्ली की हार से पस्त भाजपा ने मांझी सरकार के बचाव की हिम्मत नहीं जुटा पाई। बाद में बिहार विधानसभा चुनाव में भी क्षेत्रीय दलों जदयू और राजद का गठबंधन भाजपा पर भारी भी पड़ा।

## दिल्ली में प्रचंड जीत से गदगद भाजपा, सुवेंदु ने सीएम ममता को दी चेतावनी, कहा- 2026 में बंगाल की बारी



**कोलकाता,, 09 फरवरी [एजेंसी]।**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत पर बंगाल में भी पार्टी की प्रदेश इकाई में खुशी की लहर है। दिल्ली में पार्टी की जीत से उत्साहित बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने शनिवार शाम मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी को चेतावनी देते हुए कहा कि अगली बारी तुम्हारी है।पत्रकारों से बातचीत में सुवेंदु ने चुनाव नतीजे पर खुशी जताते हुए कहा कि हमने दिल्ली जीत ली है, 2026 में बंगाल की बारी है। उन्होंने कहा कि उससे पहले बिहार में भी परचम लहराएंगे, जहां इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होना है।भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने भी इसी तरह की चेतावनी देते हुए कहा कि बंगाल की जनता भी आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को चुनेगी और तृणमूल को नकार देगी।उन्होंने कहा कि दिल्ली का जनादेश विकास में जनता के विश्वास को दर्शाता है और यह अगले साल बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए मनोबल बढ़ाने वाला है। सुवेंदु ने दिल्ली चुनाव में जीत पर एक्स पर पोस्ट के जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई देते हुए इसे आम आदमी पार्टी के खिलाफ निर्णायक जनादेश बताया। उन्होंने लिखा- दिल्ली में भाजपा की शानदार जीत! इस ऐतिहासिक जीत का नेतृत्व करने वाले प्रधानमंत्री मोदी को हार्दिक बधाई। अब दिल्ली के लोगों को डबल इंजन सरकार का लाभ मिलेगा, क्योंकि मिस्टर फर्जीवाल सत्ता से बाहर हो गए हैं। सुवेंदु ने दिल्ली में रहने वाले बंगाली समुदाय का भी आभार जताया।इधर, दिल्ली चुनाव नतीजे पर तृणमूल सुप्रीमो व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## कालकाजी सीट पर जीत के बाद डांस करती दिखीं आतिशी स्वाति मालीवाल ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को करारी हार मिली है। वहीं दिल्ली की सीएम आतिशी कालकाजी सीट पर जीत गईं। इस जीत के बाद वह डांस करती नजर आईं। इसका वीडियो सामने आया है। वहीं राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने इस पर सवाल उठाए।स्वाति मालीवाल ने ट्वीट कर लिखा- यह ये कैसा बेशर्मी का प्रदर्शन है। पार्टी हार गई, सब बड़े नेता हार गये और आतिशी ऐसे जश्न मना रही हैं । वहीं सोशल मीडिया पर भी लोग इस जश्न को पचा नहीं पा रहे हैं। सभी आतिशी के इस जश्न पर सवाल उठा रहे हैं। बता दें, आतिशी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के रमेश बिधूड़ी को हराकर 3,580 वोटों के अंतर से अपनी कालकाजी विधानसभा सीट बरकरार रखी।

# पूरे पाकिस्तान में प्रदर्शन, पंजाब में धारा-144 लागू इमरान खान की पार्टी ने क्यों मनाया काला दिवस



**इस्लामाबाद, 09 फरवरी [एजेंसी]।**

जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कई नेताओं को काला दिवस मनाने के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। पार्टी ने पिछले वर्ष आम चुनाव में हुई धांधली के विरोध में आठ फरवरी को देशभर में काला दिवस मनाने की घोषणा की थी। शनिवार को पार्टी की ओर से रैली के दौरान नेताओं को गिरफ्तार किया गया। पीटीआई ने खैबर पख्तूनख्वा की राजधानी स्वाबी में मुख्य रैली निकाली। इस प्रांत में पीटीआई सत्ता में है। पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से देशभर में विरोध प्रदर्शन करने के लिए कहा था। पार्टी ने पहले लाहौर में ऐतिहासिक मीनार-ए-पाकिस्तान पर रैली की योजना बनाई थी, लेकिन पंजाब प्रांत के अधिकारियों द्वारा अनुमति नहीं दिए जाने के बाद योजना बदल दी गई। मरयम नवाज की अगुआई वाली सरकार ने पूरे पंजाब प्रांत में धारा 144 लागू कर आठ फरवरी को सभी प्रकार के राजनीतिक जमावड़े, भीड़ जुटाने, धरना, रैली, प्रदर्शन, विरोध प्रदर्शन और अन्य गतिविधियों पर रोक लगा दी। पीटीआई कार्यकर्ताओं को निर्धारित स्थल तक पहुंचने से रोकने के लिए पुलिस दस्ते को तैनात किया गया था।

पुलिस ने समूहों में प्रदर्शन करने वालों को गिरफ्तार कर लिया। मुल्तान में शनिवार को गिरफ्तार किए गए दर्जनों पार्टी कार्यकर्ताओं में पीटीआई के उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी की बेटी मेहर बानो कुरैशी भी शामिल थीं। पुल चट्टा पर धारा 144 का उल्लंघन करने के लिए गिरफ्तार किए गए नेताओं में जाहिंद बहार हाशमी और दलीर मेहर शामिल हैं।सत्ताधारी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने धारा 144 लागू होने के बावजूद अपनी सरकार के सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरे होने का जश्न मनाने के लिए लाहौर में रैली निकाली। पीएमएल-एन की रैली की सुरक्षा में पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।

# टिकट बदलने का दांव पड़ा उलटा कई दिग्गजों को मिली करारी हार



**नईदिल्ली, 09 फरवरी [एजेंसी]।**

हार के डर से आप ने दिल्ली में जिन सीटों पर अपने मजबूत विधायकों का भी टिकट काट दिया था, उन सीटों पर भी आप को बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा है। जिस डर से आप ने टिकट काटा था वह डर आप के लिए हकीकत में बदल गया है। आप ने अपने अच्छे विधायक रहे नेता खो दिए हैं, वह अलग है।आप ने हार के डर से जिन सीटों पर अपने विधायकों के टिकट का काट कर नए प्रत्याशी मैदान में उतारे थे, उनमें से कई सीटें आप से भाजपा के पास चली गई। माहौल का आकलन करें तो ऐसी सीटों पर आप के प्रत्याशियों को भाजपा कांग्रेस के साथ-साथ अपने विधायकों की नाराजगी से भी जूझना पड़ा है। सूत्रों की मानें तो ऐसी सीटों पर कई विधायकों के समर्थकों ने भी आप प्रत्याशियों के लिए मतदान नहीं किया है। ऐसे में आप के कई नेता अपनी सीट नहीं बचा पाए हैं। सूत्रों के अनुसार पार्टी टिकट कटने वाले विधायक रहे नेताओं को इस बात से संतुष्ट नहीं कर सकी है कि उनका टिकट क्यों काटा गया। इससे नाराज होकर आप के आठ विधायक पार्टी छोड़कर कुछ समय पहले ही भाजपा में शामिल हो चुके हैं। वहीं टिकट काटे जाने से कई विधायक नाराज होकर घर बैठ गए। इस बीच अगर हम सीट बदले जाने का आंकलन करें तो अधिकतर उन सीटों पर आप के प्रत्याशी हार गए हैं, जहां प्रत्याशी बदले गए थे। जिसमें तिमारपुर से सुरेंद्र सिंह बिट्टू, शाहदरा से जितेंद्र सिंह शंटी जैसे नाम प्रमुखता से शामिल हैं। अपने मजबूत नेताओं को हटाकर इन्हें टिकट दिया था, मगर यह बुरी तरह से चुनाव हारे हैं।

# आरजी कर केस: पीड़िता की मां से मिले आरएसएस चीफ मोहन भागवत, ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई हैवानियत पर जताया दुख



**कोलकाता, 09 फरवरी [एजेंसी]।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में दरिंदगी की शिकार हुई महिला डाक्टर के माता-पिता से मुलाकात की। पिछले साल नौ अगस्त को अस्पताल के सेमिनार हाल से पीड़िता का शव बरामद किया गया था। दुष्कर्म के बाद डॉक्टर की हत्या कर दी गई थी। माता-पिता के अनुरोध पर, बंगाल प्रवास पर आए आरएसएस प्रमुख ने कोलकाता के पास राजरहाट के एक गेस्ट हाउस में कुछ देर तक उनसे बातचीत की, वहां वे ठहरे हुए हैं। आरएसएस के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने इस संबंध में जानकारी दी। पदाधिकारी ने बताया कि भागवत ने पीड़िता के साथ हुई क्रूरता के बारे में सुनकर दुख जताया और माता-पिता के साथ सहानुभूति व्यक्त की।

जब मां ने उन्हें मृतक को न्याय दिलाने के लिए लड़ाई जारी रखने की अपनी इच्छा के बारे में बताया, तो भागवत ने प्रभावित परिवार को समर्थन देने का वादा किया।मृत डॉक्टर की मां ने भागवत के प्रवास के बारे में जानने के बाद उनसे मुलाकात का अनुरोध किया था। मालूम हो कि कोलकाता की एक अदालत ने इस मामले में एकमात्र दोषी संजय राय को आजीवन आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

पदाधिकारियों के साथ बैठक की भागवत ने दक्षिण बंगाल क्षेत्र के आरएसएस पदाधिकारियों के साथ कई बैठकें कीं, जिसमें उन्होंने संगठन के कई पहलुओं और राज्य में इसके भविष्य के रोडमैप पर चर्चा की। दक्षिण बंगाल जोन के पदाधिकारियों के साथ उनकी बातचीत 10 फरवरी तक जारी रहेगी। इसमें पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, हावड़ा, कोलकाता और उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिले शामिल हैं।

## शासन कोई नाटक नहीं है, पीएम मोदी बोले- दिल्ली में अराजकता अहंकार और आपदा की हुई हार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आम आदमी पार्टी की हार को आडंबर, अराजकता, अहंकार और दिल्ली पर छाई आपदा की हार करार दिया है। दिल्ली में भाजपा की जीत के बाद पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने दिल्ली के विकास कार्यों में आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा रोड़ा अटकाने का उल्लेख करते साफ किया कि शासन (गवर्नेंस) नौटंकी, प्रचार और प्रपंच नहीं, बल्कि जनता की सेवा करने के लिए है।प्रधानमंत्री मोदी ने आम आदमी पार्टी की राजनीति को झूठ, फरेब और शार्टकट की राजनीति बताते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने शार्टकट की राजनीति करने वालों का शार्ट सर्किट कर दिया। अरविंद केजरीवाल पर सीधा निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीति बदलने का दावा कहकर आने वाले लोग कट्टर बेईमान निकले। देश में पहली बार मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को जेल जाना पड़ा।

# बिहार के इन लोगों ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में मारी बाजी, प्रदेश भर में हो रही चर्चा

**बक्सर, 09 फरवरी [एजेंसी]।**


दिल्ली विधानसभा चुनाव का आज परिणाम आ गया है। इस चुनाव में भाजपा ने बाजी मारी और पूर्ण बहुमत हासिल कर दिया है। दिल्ली के चुनाव में बिहार के इन दिग्गजों ने भी बाजी मारी है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में बक्सर के डॉ. पंकज सिंह ने विकासपुरी निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की है। वह इस विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार थे। इस सीट से कुल 13 उम्मीदवार मैदान में थे, लेकिन मुकाबला केवल भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी में हुआ। पंकज का पैतृक गांव बक्सर जिले के ब्रह्मपुर प्रखंड के धरौली में है। उनके बड़े भाई मनोज सिंह सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता हैं। इनके पिता स्वर्गीय राज मोहन सिंह दिल्ली में आयुक्त के पद पर थे। उन्हें 1,32,973 मिले। उन्होंने 49.6 प्रतिशत मत पाकर निकटतम प्रतिद्वंदी आप के महिंदर यादव को करीब 13 हजार मतों से हराया।दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी चंदन कुमार चौधरी ने संगम



विहार सीट से आम आदमी पार्टी के दिनेश मोहनिया को 344 मतों से पराजित कर जीत का परचम लहराया। चंदन कुमार चौधरी खगड़िया जिले के परबत्ता प्रखंड के चकप्रयाग गांव के मूल निवासी हैं।उनकी पत्नी नीलू चौधरी दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की प्रवक्ता हैं। चंदन कुमार चौधरी 2022 में 163 संगम विहार ए से एमसीडी निगम पार्षद का चुनाव जीत चुके हैं। विगत कई वर्षों से लगातार वहां की जनता की सेवा में लगे हुए हैं। उनकी जीत की खबर सुनते ही उनके पैतृक गांव चकप्रयाण में प्रसन्नता की लहर दौड़ गई।दिल्ली के विधानसभा चुनाव में मधुबनी जिले के दो प्रत्याशियों को जीत मिली है। रहिका प्रखंड के सुंदरपुर भिट्ठी निवासी संजीव झा लगातार चौथी बार बुराड़ी विधानसभा सीट से आप विधायक बने हैं। उन्होंने जदयू के शैलेंद्र कुमार को 28,601 मतों से हराया।संजीव के पिता सुंदरपुर भिट्ठी निवासी स्व. सुशील झा भारत संचार निगम लिमिटेड के कर्मचारी थे। संजीव ने प्रारंभिक शिक्षा रहिका प्रखंड के शंभुआर उच्च विद्यालय से प्राप्त की है।

बीए के बाद वह आईएएस की तैयारी करने दिल्ली चले गए।वर्ष 2007 से ही वह सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न पर्यावरण आंदोलन में शामिल हो पूर्वी दिल्ली की झुग्गी झोपड़ी में गरीब बच्चों को पढ़ाने लगे। अन्ना हजारे द्वारा शुरू किए गए भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन में केजरीवाल के साथ शामिल हो गए। आम आदमी पार्टी के गठन के बाद संजीव उसमें शामिल हो गए।वहीं, बेनीपट्टी प्रखंड के बरहा गांव के रहने वाले अनिल झा ने भी आप के टिकट पर किराड़ी विधानसभा से चुनाव जीता। उन्होंने दिल्ली में ही रहकर पढ़ाई की है। उनके पिता स्वर्गीय आनंद मोहन झा दिल्ली में काम करते थे।

# आरा में 4 हजार से अधिक शिक्षकों पर एक्शन, एक गलती के कारण रोका गया वेतन, मचा हड़कंप



**आरा, 09 फरवरी [एजेंसी]।**

भोजपुर जिले में अपार आईडी कार्ड बच्चों का बनाने के मामले में बड़े स्तर पर हाई स्कूल, मध्य विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय के प्राचार्य तथा शिक्षकों के द्वारा लापरवाही की जा रही है। आधा दर्जन बार से ज्यादा चेतावनी देने के बाद भी कार्य को पूरा नहीं करने वाले 4180 प्राचार्य और वर्ग शिक्षकों का वेतन अगले आदेश तक भोजपुर जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन ने बंद कर दिया है। दिए गए आदेश में डीईओ ने लिखा है कि जिले के 77 हाई स्कूल और 968 मध्य विद्यालय तथा प्राथमिक विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों को बार-बार कहे जाने के बाद भी कार्यों में रुचि नहीं लेने के कारण इन सभी का दो प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक ही अपार आईडी कार्ड बन पाया है।इसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने लगभग 1045 प्राचार्य और 3135 वर्ग शिक्षक का वेतन अगले आदेश तक बंद करते हुए दो दिनों में अपार आईडी कार्ड जेनरेट करने का अल्टीमेटम दिया है। प्राचार्य और शिक्षकों की इस लापरवाही के कारण अपार आईडी कार्ड बनाने में भोजपुर जिला अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंचते हुए राज्य में 34वें स्थान पर पहुंच गया है। इस कारण राज्य स्तरीय बैठक में जिले के पदाधिकारियों को काफी फजीहत झेलनी पड़ रही है। इसके बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को परोसे जाने वाले मध्याह्न भोजन की गुणवता का प्रमाण-पत्र प्रधानाध्यापक के साथ-साथ शिक्षकों को भी अनिवार्य रूप से देना होगा।इस संबंध में निदेशक मध्याह्न भोजन योजना बिहार के पत्रांक 341 दिनांक 07-02-2025 के द्वारा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र जारी कर उक्त निदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।जारी पत्र में कहा गया है कि विद्यालयों में प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत संचालित मध्याह्न भोजन की गुणवता सुनिश्चित करने तथा फर्जी उपस्थिति रोकने के लिए प्रतिदिन बच्चों को मध्याह्न भोजन परोसने के उपरांत निर्धारित प्रपत्र में प्रतिवेदन तैयार करना होगा।उक्त प्रतिवेदन प्रमाण-पत्र पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक के साथ-साथ सभी उपस्थित शिक्षकों का हस्ताक्षर अनिवार्य होगा। यह प्रपत्र उक्त तिथि के मध्याह्न भोजन के सामग्रियों से संबंधित विपत्र के साथ संलग्न कर सुरक्षित रखा जाएगा। स्वयंसेवी द्वारा संचालित मध्याह्न भोजन योजना के संदर्भ में संबंधित विद्यालयों से पूरे माह का संदर्भित प्रमाण-पत्र प्राप्त कर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मध्याह्न भोजन योजना द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओं को भुगतान किया जाएगा। इस प्रमाण-पत्र के बिना मध्याह्न भोजन का कोई विपत्र मान्य नहीं होगा।

## क्या भारत के खिलाफ बांग्लादेश को भड़का रहा चीन, भाजपा सांसद ने क्यों जताई चिंता, पाकिस्तान कनेक्शन भी मिला



**नईदिल्ली, 09 फरवरी [एजेंसी]।**

भाजपा सांसद सुजीत कुमार ने बांग्लादेश और पाकिस्तान के नए गठजोड़ पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने भारत के प्रति बांग्लादेश के रुख की निंदा की। सुजीत कुमार ने भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव बढ़ाने में चीन की भूमिका की आशंका जताई है।सियांग वार्ता 2.0 के दौरान सुजीत कुमार ने कहा कि बांग्लादेश ने खुले तौर पर भारत विरोधी रुख अपनाया है और अब उसने पाकिस्तान के साथ साझेदारी भी की है। चीन भी मुश्किल हालात में फायदा उठाने की कोशिश करेगा। यही वजह है कि चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश की यह दुष्ट धुरी परेशान करती है। अगर यह धूरी बनती है तो भारत के लिए बहुत चिंताजनक होगा। भाजपा सांसद ने कहा कि बांग्लादेश में अवामी लीग के कार्यकर्ताओं, अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं पर हमले निंदनीय है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि बांग्लादेश में स्थिति सामान्य हो। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस ने अल्पसंख्यकों पर हमले के मामले में आंख मूंद रखी है। सुजीत कुमार ने कहा कि बांग्लादेश के घटनाक्रम पर कड़ी नजर है। हम बांग्लादेश में जल्द स्थिति सामान्य होने की उम्मीद करते हैं।

भारत में ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र के उप प्रतिनिधि रॉबर्ट हसीह बोर-हुई ने दिल्ली में सियांग डायलॉग 2.0 में चीन की लंबे समय से चली आ रही एक चीन नीति को चुनौती दी। फॉरेन कॉरेस्पोंडेंट्स क्लब ऑफ साउथ एशिया में रेड लैंटर्न एनालिटिका द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में वैश्विक विशेषज्ञ, नीति निर्माता और शिक्षाविदों ने हिस्सा लिया। यहां उन्होंने दुनिया को आकार देने वाली भू-राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा की।रॉबर्ट हसीह बोर-हुई ने चीन की वन चाइना पॉलिसी के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने इसे घोटाला करार दिया। उन्होंने कहा कि वन चाइना सिद्धांत यह है कि केवल एक चीन है और पीआरसी चीन की एकमात्र कानूनी सरकार है। ताइवान चीन का हिस्सा है। रॉबर्ट ने कहा कि 1949 से दो चीन हैं। एक आरओसी ताइवान में चीन गणराज्य और दूसरा पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) है। अगर पीआरसी चीन की एकमात्र कानूनी सरकार है तो ताइवान कभी पीआरसी का हिस्सा नहीं हो सकता। इसलिए वन चाइना सिद्धांत एक घोटाला है।

## मिलावटी दूध का सेवन कहीं आप भी तो नहीं कर रहे हैं, फायदे की जगह हो सकता है नुकसान

महंगाई के इस जमाने में हर चीज में मिलावट देखने को मिलता है। दूध और नमक जैसी चीजों में सब में मिलावट हो रही है। जिस कारण से कई बीमारियां और कैंसर का खतरा हो सकता है। वहीं, एफएसएसएआई ने इनकी जांच करने का आसान तरीका बताया है। आइए आपको बताते हैं कैसे चेक करें।

आजकल खाने में मिलावट हद से ज्यादा बढ़ती जा रही है। ऐसे कई मालमे आते हैं जहां मिलावटी चीजें पाई जाते हैं। खाने की चीजों में खतरनाक केमिकल तक मिला देते हैं। खाने में मिलावट के कारण हमारे हेल्थ पर सीधा असर करता है, जिससे खतरनाक बीमारियां और कैंसर का जोखिम बढ़ जाता है। भारतीय रसोई में कुछ चीजे सबसे ज्यादा प्रयोग की जाती है जैसे कि- नमक और दूध। इनके बिना कोई रसोई नहीं चल सकती है और हेल्दी रखता है। लेकिन दूध और नमक के अंदर खतरनाक मिलावट हो सकती है। जिस कारण से पोषण कम हो जाता है और जिस कारण से कई बीमारियां होने लगती है।

दूध में माल्टोडेक्सट्रिन कैस जांच करें

सबसे पहले आप कांच के बर्तन में लें।

इसमें 2द्वद्य आयोडीन रीएजेंट डालें।

दोनों को अच्छे तरह मिलाएं और रंग पर ध्यान दें।

FSSAI के अनुसार, शुद्ध दूध का रंग पीला-भूरा हो सकता है।

जो मिलावटी दूध का रंग गाढ़ा भूरा-लाल हो सकता है।

5 सेकंड में इस टेस्ट को कर सकते हैं।

**दूध में पानी की जांच**

आप टेढ़ी सतह पर थोड़ा दूध गिराएं।



अगर इसमें पानी मिला लें और यह जल्दी सरक जाएगा।

फिर आपको पानी की धार दिखाई देगी।

जो शुद्ध दूध होगा वो धीरे-धीरे नीचे आएगा और अपने पीछे एक गाढ़े रंग की धार छोड़ेगा।

**दूध में डिटर्जेंट मिलावट**

आजकल नकली दूध में डिटर्जेंट का पाउडर मिलाया जाता है। सबसे पहले आप एक कांच के गिलास में थोड़ा दूध लें। अब में पानी डालकर चम्मच से हिलाएं। यदि इसमें डिटर्जेंट मिला होगा तो काफी झाग बनने लगेगा।

**नकली नमक को कैसे चेक करें**

सबसे पहले आप एक गिलास में पानी लें।

इसके अंदर एक चम्मच नमक डालें।

फिर इसे चम्मच से अच्छे से मिला लें।

चॉक की मिलावट होगी तो आपको दूधिया रंग का हो जाएगा।

**फल-सब्जी और मसालों लेते समय सावधान रहे**

बाजार से आप जो फल, सब्जी और मसालों लेकर आते हैं, उनमें सबसे ज्यादा केमिकल पाया जाता है। वहीं, मसालों में खतरनाक सिंथेटिक रंगों का यूज किया जाता है।

## गंदी सी गंदी चाय की छन्नी क्यों न हो, इन आसान नुस्खों से कुछ ही मिनटों में करें साफ

ज्यादातर लोगों की सुबह की शुरुआत गर्म चाय से होती है. वहीं कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनके लिए चाय के बिना दिन की शुरुआत करना असंभव होता है. हालांकि हमें चाय बनाना और पीना जितना पसंद होता है, उतना ध्यान चाय छानने वाली छन्नी पर नहीं होता है.

इससे चाय की छन्नी गंदी हो जाती है. इस गंदगी के कारण छन्नी बहुत खराब दिखाई देने लगती है. स्वास्थ्य की दृष्टि से ये गंदगी नुकसानदायक हो सकती है, क्योंकि समय के साथ साफ न करने की वजह से इसमें बैक्टीरिया पनपने लगते हैं. चाय छानने के बाद चाहे हम इसे कितना भी साफ कर लें, यह गंदी हो ही जाती है. ऐसे में हम इस लेख में आपको बताएंगे चाय की छन्नी के गंदगी को साफ करने के आसान टिप्स के बारे में..



**डिशवॉश मिलाएं**

चाय छन्नी को साफ करने के लिए गुनगुने पानी में डिश वॉश डाल कर घोलें. इसमें छन्नी को 25 मिनट के लिए डुबा दें फिर पुराना टूथब्रश लें और इसे रगड़ कर साफ करें. इससे छोटे से छोटे गंदगी के कण ब्रश से साफ हो जाएंगे.

**गर्म पानी से साफ करें**

चाय छन्नी को सिंक में ले जाकर ऊपर से गर्म पानी डालें. इसके बाद स्क्रबर से रगड़ कर छन्नी को साफ करें.

**नींबू से साफ करें**

चाय छन्नी को साफ करने के लिए नींबू को काटकर छन्नी में इसे रगड़ दें. फिर कुछ समय के लिए छोड़ दें और पानी से साफ करें.

**बेकिंग सोडा और विनेगर से साफ करें**

आप छन्नी को साफ करने के लिए एक कटोरी में बेकिंग सोडा और विनेगर ले सकते हैं. फिर इसमें छन्नी को डाल कर कुछ समय के लिए भिगाकर रख दें. इसके बाद स्क्रबर से रगड़ कर साफ करें लें.



## डार्क चॉकलेट से जुड़े मिथक, जो आपको पता होने चाहिए

वैलेंटाइन वीक चल रहा है। ऐसे में 9 फरवरी को चॉकलेट डे मनाया जाएगा। डार्क चॉकलेट से जुड़े कई मिथक हैं, जिनके बारे में आपको पता होना चाहिए। लेकिन डार्क चॉकलेट को लेकर कई मिथक हैं, जिनके बारे में आपको पता होना चाहिए। कुछ लोग मानते हैं कि इसमे कैलोरी नहीं होती है।

फरवरी के महीना लव बर्ड्स के लिए बेहद खास माना जाता हैं क्योंकि इस महीने में वैलेंटाइन डे आता है। वैलेंटाइन वीक शुरु हो चुका है। ऐसे में कल यानी के चॉकलेट डे मनाया जाएगा। इस खास अवसर पर चॉकलेट लवर चॉकलेट का सेवन जरुर करते हैं। वैसे चॉकलेट का एक ही हेल्दी वर्जन है डार्क चॉकलेट। यह सेहत के लिए भी अच्छा माना जाता है। लेकिन डार्क चॉकलेट को लेकर कई मिथक हैं, जिनके बारे में आपको पता होना चाहिए। कुछ लोग मानते हैं कि इसमे कैलोरी नहीं होती है, वहीं कुछ अन्य मानते है कि यह तुरंत ब्लड प्रेशर को कम कर सकती है। इन धारणाओं के पीछे क्या सच्चाई है। आइए आपको बताते हैं।

**मिथक 1- डार्क चॉकलेट में कैलोरीज नहीं होती**

सच्चाई- यह एकदम सच है कि डार्क चॉकलेट में भी कैलोरीज होती हैं, हालांकि, यह सफेद या मिल्क चॉकलेट की तुलना में कम होती है। 70 प्रतिशत या उससे ज्यादा कोको वाली डार्क वाली डार्क चॉकलेट में प्राकृतिक चीनी और फैट की मात्रा कम होती है। अगर आप वजन कंट्रोल करना चाहते हैं, तो इसे संतुलित मात्रा में ही खाना चाहिए।

**मिथक 2- डार्क चॉकलेट ब्लड प्रेशर को कम करता है**

सच्चाई- वैसे को डार्क चॉकलेट में फ्लेवोनॉइड्स होते हैं, जो समय के साथ हाई बीपी को कंट्रोल करने में मदद करता है, हालांकि यह परमानेंट इलाज नहीं है। वहीं, इसका असर तत्काल नहीं होता और संतुलित आहार के साथ इसे खाना जरुरी होता है।

**मिथक 3 - डार्क चॉकलेट से डिप्रेशन का इलाज**

सच्चाई- यह बात एकदम सत्य है कि डार्क चॉकलेट खाने से सेरोटोनिन बढ़ाने वाले तत्व जरुर होते हैं, जो मूड सुधारने में मदद कर सकते हैं, लेकिन इसका इलाज निश्चित नहीं है।

## परेश रावल की तेरा यार हूं मैं से जुड़ीं नेहा खान



पिछले काफी समय से दिग्गज अभिनेता परेश रावल अपनी आगामी फिल्म तेरा यार हूं मैं को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान मिलाप मिलन जावेरी ने संभाली है।

यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसके जरिए जाने-माने निर्देशक और निर्माता इंद्र कुमार के बेटे अमन इंद्र कुमार अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं।

अब तेरा यार हूं मैं की स्टार कास्ट में नेहा खान भी शामिल हो गई हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, तेरा यार हूं मैं में अमन की जोड़ी नेहा के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।

निर्माताओं ने फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए नेहा से संपर्क किया है और अभिनेत्री ने इस फिल्म के लिए हामी भर दी है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि उन्होंने अपने हिस्से की शूटिंग शुरू कर दी है। कहा जा रहा है कि नेहा फिल्म में तनिषा नाम की लड़की का किरदार निभाएंगी।

तेरा यार हूं मैं जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिलहाल इस फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।

इस फिल्म निर्माता इंद्र कुमार हैं। फिल्म की शूटिंग मुंबई में शुरू हो चुकी है। आकांक्षा शर्मा भी इस फिल्म में अभिनय करती नजर आएंगी।

उदित नारायण और आदित्य नारायण मिलकर इस फिल्म के गानों में अपनी आवाज देने वाले हैं। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



## डैंड्रफ से छुटकारा पाने के लिए अपनाएं ये आयुर्वेदिक उपाय, जल्द मिलेगा आराम

सर्दियों मौसम में चलने वाली ठंडी हवाएं हमारी त्वचा के साथ-साथ स्कैल्प पर भी असर डालती हैं, जिससे सर में डैंड्रफ की समस्या बढ़ जाती है. इससे न सिर्फ बालों की सुंदरता कम होती है, बल्कि बालों में खुजली और रूखापन भी आ जाता है. इससे राहत पाने के लिए लोग बाजार में मिलने वाले एंटी-डैंड्रफ शैंपू का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन ये हमेशा सफल साबित नहीं होते हैं. आयुर्वेद में रूसी को जड़ से खत्म करने के लिए प्राकृतिक उपचार बताया गया है, जो स्कैल्प के स्वास्थ्य को बनाए रखता है और बालों को हेल्दी रखने में मदद करता है.

**नीम का इस्तेमाल**

नीम में एंटीफंगल और एंटीऑक्सीडेंट गुण पाये जाते हैं, जो सर की रूसी को कम करने और स्कैल्प को साफ रखने में मदद करते हैं. इसके लिए आप नीम की पत्तियों को पीसकर पेस्ट बना लें और इसे सिर पर 20-30 मिनट लगाकर गुनगुने पानी से धो लें.

**मेथी का उपयोग**

मेथी का उपयोग रूसी को कम करने में मदद करती है और स्कैल्प की सूजन को भी कम करती है. मेथी के दानों को रात भर पानी में भिगोकर रखें और सुबह पीसकर पेस्ट बनाकर बालों में 30 मिनट लगाकर पानी से धो लें.

**नारियल और नीम का इस्तेमाल**

नारियल का तेल और नीम का तेल बालों में लगाने से पोषण देता है साथ ही रूसी की समस्या को खत्म करता है. इसके लिए आपको नारियल तेल में नीम का तेल मिलाकर हल्के हाथों से सिर पर मालिश करना होगा. फिर 1-2 घंटे बाद बालों को शैंपू से धो लेना होगा.

## ऑफ शोल्डर टॉप में अवनीत कौर ने बढ़ाई फैंस की धड़कनें



अवनीत कौर अपने ग्लैमरस अंदाज को लेकर चर्चा में रहती हैं. वे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. हाल ही में उन्होंने अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं जो वायरल हो रही हैं.

एक्ट्रेस अवनीत कौर ने टीवी से बॉलीवुड तक का सफर तय कर लिया है. एक्ट्रेस अपने बेबाक अंदाज से फैंस का दिल जीत लेती हैं. उनके गॉर्जियस अवतार से लोगों का नजरें हटाना मुश्किल हो जाता है.

अवनीत कौर ने हाल ही में एक फोटोशूट कराया है जिसकी फोटोज वायरल हो रही हैं. मरून कलर के ऑफ शोल्डर क्रॉप टॉप के साथ मैचिंग स्कर्ट पहने एक्ट्रेस बेहद स्टनिंग दिख रही हैं.

इसे उन्होंने मैचिंग हाफ ब्लेजर के साथ पेयर किया है. वहीं उनकी स्कर्ट में बना गुलाब के फूलों वाला डिजाइन उनके आउटफिट को और भी खूबसूरत बना रहा है.

इस ग्लैमरस ड्रेस के साथ अवनीत ने ब्लैक हील्स कैरी किए हैं. खुले बालों के साथ वे काफी हसीन लग रही हैं.

अवनीत ने अपना हेयरस्टाइल कर्ली रखा और डार्क लिप्स्टिक के साथ अपने लुक को फाइनल किया.

उन्होंने कभी बैठकर पोज दिए तो कभी खड़े होकर फोटोशूट कराया. फोटोज शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा- दोबारा मेरे रेड हेट दौर में.

अवनीत की इन तस्वीरों ने फैंस के दिलों की धड़कन तेज कर दी है. एक फैन ने कमेंट किया- सुंदरी. दूसरे ने लिखा- गॉर्जियस. इसके अलावा एक शख्स ने लिखा- इस सुपर स्माइल को किसी की नजर ना लगे.

बता दें कि अवनीत कौर ने फिल्म टीकू वेड्स शेरू से बॉलीवुड डेब्यू किया था. वे फिल्म लव की अरेंज मैरिज में भी नजर आ चुकी हैं. इन दिनों अवनीत लव इन वियतनाम की शूटिंग कर रही हैं.

## शब्द सामर्थ्य - 321


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. दुड्डी पर के बाल, दुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 320 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्व | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | दां | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

## सर्दियों में शुगर लेवल बढ़ने का रहता है अधिक खतरा, जानिए डायबिटीज को कैसे करें कंट्रोल

सर्दियों का मौसम आपकी सेहत को कई तरह से प्रभावित कर सकता है। तापमान में गिरावट होने पर सेहत संबंधी जटिलताएं बढ़नी शुरू हो जाती हैं। यही वजह है कि हम सभी को सर्दियों में अपनी सेहत का खास ख्याल रखने की आवश्यकता होती है। क्योंकि ठंड के मौसम में मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों के लिए भी कई तरह से चुनौतीपूर्ण हो सकता है। खासतौर पर डायबिटीज रोगियों को सर्दी के मौसम में एक्स्ट्रा सावधानी बरतनी चाहिए। यह मौसम आपके शुगर लेवल को प्रभावित कर सकता है और इसके बढ़ने का कारण भी बन सकता है।

वैसे तो सर्दियों में ब्लड शुगर बढ़ने की कई वजह हो सकती है। लेकिन घर के अंदर रहने की वजह से फिजिकल एक्टिविटी में कमी, रक्त परिसंचरण में कमी और खानपान की आदतों में बदलाव आदि भी वजह बन सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या है, उनको सर्दियों में शुगर लेवल को कंट्रोल रखने के लिए क्या सतर्कता और सावधानियां बरतनी चाहिए।

**डायबिटीज की समस्या**

हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो तापमान में कमी आना आपके शरीर पर दबाव डाल सकती है। जब आपका शरीर एनर्जी बढ़ाने के लिए कोर्टिसोल जैसे हार्मोन रिलीज करता है। यह हार्मोन इंसुलिन उत्पादन को प्रभावित करने वाला माना जाता है। बता दें कि इंसुलिन का काम शरीर की कोशिकाओं को ब्लड शुगर को अवशोषित करने में मदद करना है। वहीं



इंसुलिन के उत्पादन में कमी आपके शुगर लेवल को बढ़ाने वाली हो सकती है।

अगर अक्सर आपका शुगर लेवल बढ़ा रहता है और आप इस पर ध्यान नहीं देते हैं। तो इससे आंखों, किडनी और तंत्रिकाओं सहित कई अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि शुगर को कंट्रोल करने के लिए क्या उपाय करना चाहिए।

**शरीर को ठंड से बचाएं**

ठंड में शरीर को गर्म रखने के लिए कोशिश करते रहना चाहिए। अगर आपको डायबिटीज या फिर ब्लड प्रेशर की समस्या है, तो यह अधिक आवश्यक हो जाता है। शरीर को ठंड से बचाए रखने और गर्म रखने के लिए ऊनी कपड़े पहनें। क्योंकि तापमान गिरने की वजह से शरीर पर पड़ने वाले तनाव को भी कम करेगा।

**ब्लड शुगर की जांच करते रहें**

जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या है, उनको शुगर को लेकर सतर्क रहना चाहिए। हेल्थ एक्सपर्ट द्वारा बताए गए उपायों को करने और नियमित अंतराल पर घर पर ही ग्लूकोमीटर से ब्लड शुगर की जांच कराते रहें। साथ ही लाइफस्टाइल और हेल्दी डाइट में भी आवश्यक बदलाव करके आप शुगर को कंट्रोल में रख सकते हैं।

**तनाव को कंट्रोल करें**

कई अध्ययनों से यह पता चलता है कि तनाव बढ़ने के साथ ब्लड शुगर लेवल के बढ़ने का भी खतरा रहता है। मधुमेह को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए आप तनाव मुक्त रहने वाले उपाय करें। क्योंकि अनियंत्रित तनाव की स्थिति न सिर्फ शारीरिक और मानसिक दोनों को नुकसान पहुंचा सकती है। ऐसे में आप योग, ध्यान और अन्य उपायों को अपनाकर तनाव और डायबिटीज दोनों को कंट्रोल रख सकते हैं।

**व्यायाम है जरूरी**

सर्दियों में आपको शारीरिक रूप से सक्रिय रहना जरूरी होता है। अगर आप व्यायाम के लिए जिम या पार्क में नहीं जा सकते हैं, तो घर पर ही रहकर योगाभ्यास कर सकते हैं।

# सशस्त्र सीमा बल सिलीगुड़ी ने कोलकाता को 6-5 से हराया

## मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार टी राजू सिंह को



**चरचा कालरी।** महाजन स्टेडियम में आयोजित 49 वां अखिल भारतीय सेशन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के छठवें दिन प्रतियोगिता का सातवां मैच सशस्त्र सीमा बल सिलीगुड़ी एवं काली घाट स्पोर्ट्स लवर वेस्ट बेंगाल के मध्य खेला गया इस मैच में दोनों टीमों ने बहुत ही रोमांचक और साफ सुथरा खेल का प्रदर्शन किया, खेल की तकनीकी भी अभी तक खेले गए सभी मैच की अपेक्षा बहुत अच्छी रही, कभी सशस्त्र सीमा बल के खिलाड़ी गेंद लेकर गोल की ओर बढ़ जाते तो पल भर में कालीकट की टीम आगे हो जाती दोनों टीमों के द्वारा गोल करने के कई मूवमेंट बनाए गए किंतु गोल नहीं हो सका अंत में खेल रेफरी के द्वारा पेनल्टी ट्राई बेकर का निर्णय लिया गया ट्राई ब्रेकर में भी दोनों टीमों का दमखम देखने को मिला ट्राई ब्रेकर के दौरान मिली 5-5 गेंद में दोनों ही टीमों ने गोल कर दिया इस प्रकार दोनों टीम ट्राई ब्रेकर में भी बराबरी में आ गई इसके बाद रेफरी द्वारा सडेन डेथ का निर्णय लिया गया जिसमें कोलकाता की टीम गोल नहीं कर सकी और एक निर्णायक गोल मारकर सिलीगुड़ी की टीम जीत गई इस प्रकार 6-5 से सिलीगुड़ी के टीम विजई हुई विदित हो कि इस प्रतियोगिता का यह चौथा मैच है जिसमें ट्राई ब्रेकर से निर्णय लेना पड़ा ट्राई ब्रेकर में इतना ज्यादा स्कोर अभी तक किसी दूसरे मैच में नहीं हुआ।

इस मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि श्रीमती लाल मुनि यादव के द्वारा सिलीगुड़ी की टीम के खिलाड़ी टी राजू सिंह को दिया गया। शनिवार का मैच प्रतियोगिता का आठवां मैच शनिवार के दिन दोपहर 3 बजे से न्यू स्पोर्टिंग क्लब चर्चा और सशस्त्र सीमा बल सिलीगुड़ी के मध्य खेला जाएगा। आज के मैच के निर्णायक रेफरी पप्पू कुमार, साइड रेफरी आकाश टंडन और के नागेश्वर व मैच कमिश्नर अनिल कचर थे सफल आयोजन हेतु आयोजन समिति के रियाज अहमद धर्मेंद्र सिंह एम एच. खान,अशोक निर्मलकर, संदीप कुमार ,ज्ञानेंद्र पांडे ,धर्मवीर सिंह विनोद गुप्ता आदि विशेष रूप से सक्रिय थे वही खेल मैदान की व्यवस्था को सुचारू बनाने में प्रदीप मोहम्मद ताहिर सुनील बरला अब्दुल्ला रोशन आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## वक्फ बोर्ड ने मुतवल्लियों को जारी किया पत्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वक्फबोर्ड के सीईओ ने सभी मुतवल्लियों को पत्र जारी कर वक्फ संपत्तियों की जानकारी मांगी है. पत्र में मस्जिद, मदरसा, दरगाह कब्रिस्तान, ईदगाह, खानकाह, इमामबाड़ा, ताजिया चौकी, मकान, दुकान, कृषि, भूमि, स्कूल, प्लॉट वक्फ अलल औलाद की जानकारी मांगी है. जमीन के दस्तावेजों के साथ 12 फरवरी तक जानकारी भेजने के निर्देश दिए गए हैं. बताया जा रहा कि वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा करने सेंट्रल पोर्टल में संपत्तियां अपलोड की जाएगी. छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड द्वारा मुतवल्लियों को पत्र लिखने पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, निश्चित रूप से सभी मुतवल्लियों को वक्फ संपत्ति की जानकारी देनी चाहिए. वक़्फ़ बोर्ड का पत्र लिखने का मतलब धार्मिक और सामाजिक कामों के उपयोग के लिए जो जमीन है उसका ब्यौरा रखना है. वक्फबोर्ड ने पत्र में राजस्व अभिलेख जैसे वक्फनामा, वक्फ डीड, रजिस्ट्री की कॉपी, बी-1, पी-2 नक्शा खसरा पंचसाला, मेंटेनेंस खसरा, नजूल शीट की सत्यापित प्रति/ छायाप्रति प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है. जानकारी के अनुसार पिछले दिनों संयुक्त संसदीय समिति वक्फ लोकसभा सचिवालय और सचिव भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय नई दिल्ली की अध्यक्षता में एक बैठक हुई।

# जिला पंचायत चुनाव कोरिया में दो दिग्गज स्थानीय नेता आमने सामने




**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में चुनावी पर सातवें आसमान पर है। चुनाव चिन्ह वितरण होते ही चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की चर्चा और प्रत्यासियो का प्रचार प्रसार तेज है। घर घर प्रत्यासी चुनाव की चर्चा घमासान भी चर्चाओं के दौर में शामिल है।

जीत के लिए प्रत्यासी जनता जनार्दन को मन मोहित करने कोई कसर नही छोड़ रहे है। जिला पंचायत सदस्य चुनाव की बात करे तो क्षेत्र क्रमांक 07 में काफी दिलचस्प मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच देखने को मिल सकता है। हालांकि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को भी कम नही आका जा सकता क्योंकि यह भाजपा कांग्रेस के चुनावी समीकरण को बिगाड़ सकता है। सुरेश सिंह क्षेत्र में अपने सरल व्यवहार के लिए खूब जाने और माने जाते है। कार्यकर्ता के रूप में कांग्रेस पार्टी के लिए क्षेत्र में सक्रिय राजनीति से पार्टी में कद बढ़ा और पार्टी ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनहत के अध्यक्ष पद से नवाजा अब जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 07 से पार्टी ने सुरेश सिंह को चुनावी मैदान में उतार दिया है। राम प्रताप मराबी 2010 में जनपत अध्यक्ष रह चुके है। और फिर जनपत सदस्य 2020 में चुने गए। भाजपा संगठन ने इन्हें अ ज जा मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाया है अब जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 07 से टिकिट दे कर चुनावी मैदान में उतार दिया है। दोनों स्थानीय क्षेत्र के दिग्गज नेता माने जाते है। अपने अपने कार्यशैली से क्षेत्र की जनता को काफी प्रभावित किया है। लेकिन मतगणना में ही जनता के इरादे साफ हो सकेंगे । हालांकि अब दोनों पार्टी के ये नेता लगातार निर्वाचन क्षेत्र की जनता से आशीवार्द के लिए जन सम्पर्क करते नजर आ रहे है।

## कलेक्टर त्रिपाठी ने की मतदान की अपील



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में आगामी नगर पंचायत और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने जिले के सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। मतदान की तिथियां पटना नगर पंचायत में 11 फरवरी 2025 एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 17 एवं 23 फरवरी 2025 को है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा, आपका एक वोट विकास की दिशा तय करेगा। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया कि वे जाति, धर्म या रिश्तों से ऊपर उठकर योग्य एवं ईमानदार प्रत्याशी का चयन करें। उन्होंने युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों से परिवार, पड़ोसियों और मित्रों को मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा, आपका वोट आपका अधिकार है, इसे व्यर्थ न जाने दें।

## शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

**रायपुर।** शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 31 वर्षीय प्रार्थिया ने डीडीनगर थाना में शिकायत किया कि आरोपी डिगेश्वर साहू 32 वर्ष से उसका परिचय फेसबुक के माध्यम से हुआ। इस दौरान आरोपी ने प्रार्थिया को शादी का प्रलोभन देकर कृष्णा नगर स्थित अपने किराए के मकान में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और फिर शादी से इंकार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है।

## हुक्का सप्लाई करने वाले पान दुकान के मालिक और संचालक गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने नशे के खिलाफअपनी विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्यवाही की है। थाना न्यू राजेन्द्र नगर के तहत स्थित अरिहंत कॉम्पलेक्स स्थित पान स्टोरी पान दुकान के संचालकों द्वारा प्रतिबंधित हुक्का से संबंधित सामग्रियों की बिक्री की जा रही थी, जिसे एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट और न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम ने पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पान दुकान के संचालक अफसर अली और मालिक अनुराग मंधानी शामिल हैं। पूछताछ में दोनों ने माना कि वे प्रतिबंधित हुक्का सामग्रियों की बिक्री और भण्डारण कर रहे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से प्रतिबंधित हुक्का पॉट, पाईप, नोजल, कोल, फ्लेवर, तम्बाकू और अन्य हुक्का सामग्री की बरामदगी की है, जिसकी कुल कीमत करीब 2 लाख रुपये बताई जा रही है। इस संबंध में दोनों आरोपियों के खिलाफ सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापारा तथा वाणिज्य उत्पादन प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम 2003 एवं संशोधन अधिनियम 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अफसर अली 43 वर्ष निवासी ग्राम पिल्ठी जिला मिर्जापुर, व अनुराग मंधानी 32 वर्ष निवासी राजीव नगर, खम्हारडीह है।

## अलग-अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार लालपुर टिकरापारा निवासी तीजराम साहू 24 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमवी 1836 को लालपुर शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में भाठापारा बलौदाबाजार निवासी भानसिंह मारकण्डेय 28 वर्ष ने नेवरा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 22 एई 8145 को शमशान घाट के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 60 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं बेरला निवासी सियाराम निषाद 54 वर्ष ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 25 एच 1547 को मारूति फेरस प्राइवेट लिमिटेड सोंडरा के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## वारंट तामिली के दौरान चोरी की 4 दोपहिया वाहन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर में खम्हारडीह पुलिस ने वारंट तामिली के दौरान चोरी की चार दोपहिया वाहनों के साथ आरोपी मनोज धीवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले के निर्देशन में खम्हारडीह पुलिस टीम ने आरोपी मनोज धीवर के खिलाफन्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट की तामिली के दौरान जब उसके पास मौजूद दोपहिया वाहनों के संबंध में पूछताछ की, तो आरोपी ने वाहनों के दस्तावेज नहीं दिखाए और टीम को गुमराह करने की कोशिश की। कड़ी पूछताछ के बाद आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने ये वाहन रायपुर के थाना पंडरी, तेलीबांधा और मंदिर हसौद क्षेत्रों से चुराए थे। आरोपी मनोज धीवर के पास से चोरी के चार दोपहिया वाहन जब्त किए गए, जिनकी कुल कीमत लगभग 2,40,000 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 35(1), 303(2) बी.एन.एस.एस. के तहत मामला दर्ज किया और कार्यवाही की।

# ट्यूमर के चक्कर में फेफड़ा क्षतिग्रस्त, महिला की मौत

**अंबिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान महिला के पेट से 12 किलो वजनी ट्यूमर निकला। यही ट्यूमर महिला की मौत का कारण बना। महिला के गिरने के कारण ट्यूमर से फेफड़ा क्षतिग्रस्त हो गया था। अंदर ही रक्त स्त्राव होने के कारण महिला की मौत हो गई थी। शहर के चोपड़ापारा में किराए के मकान में पखरसिया तिग्गा (50) अकेले रहती थी। परिवार में कोई नहीं था। 27 दिसंबर 2024 की सुबह महिला बाथरूम के पास पड़ी थी। पड़ोसियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया था। जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। संदिग्ध मौत के कारण उसका पोस्टमार्टम कराया गया था। अब जो कारण निकल कर आया है। वह हैरान करने वाला है। फोरेंसिक विभाग के विभागाध्यक्ष डा संटू बाग ने बताया कि महिला की मौत का शुरूआती लक्षण



हृदयाघात लग रहा था, लेकिन पोस्टमार्टम के दौरान हृदय सुरक्षित था। फेफड़े में रक्त स्त्राव होने का पता चला। जब इसका कारण जानने के लिए पेट को फाड़ा गया तो 11 किलो 800 ग्राम वजनी ट्यूमर निकला। संभावना है कि पैर फिसलने से महिला मुंह के बल गिरी होगी और वजनी ट्यूमर के दबाव से उसका फेंफड़ा फट गया और महिला की मौत हो गई। अगर महिला समय पर इलाज करवाकर ट्यूमर निकलवा लेती तो उसकी जान बच सकती थी। पोस्टमॉर्टम के दौरान मृत महिला के पेट से इतना वजनी फाइब्राइड ट्यूमर निकलने की घटना असामान्य है। जीवित महिला के पेट से ऑपरेशन के दौरान इससे अधिक वजनी ट्यूमर निकाले जा चुके हैं। दा संटू बाग ने बताया कि महिला के पेट का आकार बढ़ा हुआ था। लग रहा था कि गर्भा हो, किंतु ऐसा नहीं था। वह बच्चेदानी का रसोली (फाइब्राइड) था, जिसकी पुष्टि हिस्टोपैथोलाजी विभाग से उत्तकीय जांच में हुई है।

## छत्तीसगढ़ आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन के नई कार्यकारिणी की घोषणा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ आईएएस ऑफिसर्स एसोसिएशन ने अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी निहारिका बारिक सिंह को अध्यक्ष चुना गया है, जबकि अमित कटारिया को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा, रजत कुमार को सचिव और अभिजीत सिंह को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## छात्रों से अश्लील हरकत के आरोप में शिक्षक बर्खास्त

**रायपुर।** बिलासपुर जिले में शिक्षा विभाग ने एक शिक्षक कमलेश साहू को गंभीर आरोपों के चलते सेवा से बर्खास्त कर दिया है। शिक्षक पर छात्रों से अश्लील हरकत, मैसेज भेजने और बेड टच करने का आरोप था। शिकायतों की जांच के दौरान यह आरोप सही पाए गए, जिसके बाद शिक्षा विभाग ने रिपोर्ट संयुक्त संचालक को भेजी। संयुक्त संचालक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कमलेश साहू को तुरंत बर्खास्त कर दिया। आरोपी शिक्षक बिल्हा ब्लॉक के गोंदईया मिडिल स्कूल में पदस्थ था। इसके पहले भी कमलेश साहू पर छात्राओं से अश्लील हरकत करने के आरोप लगे थे और 2024 में छह छात्राओं ने इसकी शिकायत की थी। हालांकि, सबूतों के अभाव में अदालत ने उसे दोषमुक्त कर दिया था।

# लिव-इन पार्टनर ने की 8 माह की प्रेग्नेंट की हत्या

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले में आठ माह की गर्भवती युवती की मौत की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। प्रेमी ने ही गला घोंटकर युवती की हत्या कर दी थी। प्रेमी को शक था कि युवती का किसी और के साथ संबंध है और युवती के गर्भ में पल रहा बच्चा भी उसका नहीं है। इसी संदेह पर उसने गर्भवती प्रेमिका की हत्या कर दी थी। दरिमा के जयपुर गांव में बुधवार सुबह एक खेत में गांव की ही अनिला सिंह (22) की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि पर पुलिस को पहला संदेह उसके प्रेमी अनिल सिंह गोंड पर गया। इतना बड़ा ट्यूमर कि गिरी तो फेफड़ा हो गया क्षतिग्रस्त, मौतइतना बड़ा ट्यूमर कि गिरी तो फेफड़ा हो गया क्षतिग्रस्त, मौत घटना वाली रात उसी ने फोन कर अनिला को घर से बाहर बुलाया था। खेत में दोनों ने साथ बैठकर बात की। प्रेमिका साथ चलने की जिद कर रही थी जबकि प्रेमी उसके चरित्र और गर्भ में पल रहे बच्चे को लेकर संदेह जता रहा था। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हुआ और अनिल सिंह ने गला दबाकर प्रेमिका की हत्या कर मौके से भाग गया था। अनिला के फोन पर प्रेमी अनिल सिंह ने कॉल किया था, इसकी पुष्टि भी जांच में हुई। गर्भवती युवती की लाश मिलने के बाद एक शपथ पत्र पुलिस के हाथ लगा था। यह भी जांच का आधार बना। यह शपथ पत्र दोनों के विवाह से जुड़ा हुआ था। मृतका अनिला सिंह का प्रेम संबंध अनिल सिंह गोंड़ से था। दोनों लिव इन रिलेशन में साथ रह रहे थे। इसी बीच अनिला गर्भवती हो गई थी। उसके बाद दोनों ने 15 दिसंबर 2024 को सकलपुर के शिवमंदिर में प्रेम विवाह कर लिया था। 19 दिसंबर 2024 को दोनों ने शपथ पत्र बनवाया था। दोनों अनिला के घर जयपुर में रह रहे थे, लेकिन पुलिस को गुमराह करने घटना के कुछ दिन पहले ही वह अपने गांव चला गया था। युवती जब गर्भवती हुई तो दोनों के बीच विवाद बढ़ गया था। आरोपित अनिल सिंह ने प्रेम विवाह जरूर किया था, लेकिन उसे संदेह था कि अनिला का प्रेम संबंध किसी अन्य युवक से है। युवती के बच्चे को भी दूसरे का बच्चा बताता था। दोनों के बीच विवाद इसी बात को लेकर था। मामला दरिमा थाने तक पहुंचा था। यहां दोनों के बीच समझौता हो गया था, लेकिन प्रेमी उसे छोड़कर अपने घर सेमरिया चला गया था। घटना वाले दिन अनिल वापस जयपुर पहुंचा। अनिला सिंह ने जब प्रेमी के साथ उसके घर जाने की जिद की तो अनिल सिंह तैयार नहीं हुआ। इसे लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और अनिल सिंह ने अनिला की गला दबाकर हत्या कर दी और भाग निकला।



# नगर निगम में है बदलाव की बयार आ रही है फिर से भाजपा की सरकार-बाघमार

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के दुर्ग नगर निगम महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार का चुनावी जनसंपर्क एवं दौरा कार्यक्रम अनवरत जारी है इसी कड़ी में जनसंपर्क एवं दौरा कार्यक्रम वार्ड नंबर 50 बोरसी पूर्व से प्रारंभ हुई तत्पश्चात वार्ड नंबर 49 बोरसी पश्चिमी, वार्ड नंबर 51 बोरसी उत्तर, वार्ड नंबर बोरसी दक्षिण, वार्ड नंबर 53 पोटिया कला उत्तर ,वार्ड नंबर 54 पोटिया कला दक्षिण में पहुंचकर संपन्न हुई । जनसंपर्क कार्यक्रम में वरिष्ठ जनों एवं आमजन मानस में अपने महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार का विजय तिलक लगाकर उन्हें जीत की शुभकामनाएं दी और उनका मुंह मीठा कराया । जनसंपर्क के दौरान भारतीय जनता पार्टी के वार्डों के प्रत्याशी प्रीति चंद्रभान चंद्राकर, त्रिवेणी साहू ,साजन जोसेफगुलशन गायत्री साहू, विनायक नातु, हिरोंदी चंदनिया ,दौरा प्रभारी संतोष सोनी उपस्थित रहे। इस अवसर पर दुर्ग नगर निगम महापौर भाजपा प्रत्याशी अल्का बाघमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सदैव सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखा है और इस बार भारतीय जनता पार्टी ने अपने अटल विश्वास पत्र जो जारी किया है उसकी जो घोषणाएं हैं उसे कहीं ना कहीं आमजन मानस का जीवन स्तर में भी बदलाव आएगा महिलाओं के लेकर विश्वास तौर में बाजार क्षेत्र में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की सुविधाओं का विस्तार करेंगे ताकि उन्हें साफसुरक्षित और सुविधाजनक शौचालय मिल सके, महिलाओं के नाम पर दर्ज संपत्तियों पर प्रॉपर्टी कर में 25 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान करेंगे प्रत्येक माह में 7 तारीख से पहले संपत्ति कर का भुगतान करने वालों को 10 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान करेंगे। भाजपा प्रत्याशी श्रीमती बाघमार करने आगे कहा कि छात्रों को उनकी पढ़ाई को लेकर किसी प्रकार की दिक्कत ना हो विद्यालयों और महाविद्यालयों में मुफ्त वाई-फाई की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी और वहीं पूर्व में कांग्रेस का कुशासन का दौर ऐसा था कि नगर निगम में ट्रैफिक कंजेशन का कोई हल नहीं निकाला और शहरी विकास के नाम पर सिर्फहवाई बातें हुई पूर्व की कांग्रेस सरकार ने प्रॉपर्टी टैक्स में 50प्रतिशत कमी का वादा किया था लेकिन यह वादा कभी भी पूरा नहीं हुआ कुल मिलाकर अगर हम बात करें तो बस दुर्ग में बदलाव की ब्यार बह चुकी है जनता ने मन पूरी तरह बना लिया है कि भारतीय जनता पार्टी को वापस हमें लाना है मैं आप सभी से अपील करती हूं कि मुझे और वार्डों के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को अपना बहुमूल्य वोट प्रदान कर हमें विजय दिलाए।

आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रम में बानी सोनी, गायत्री वर्मा, रीता मेश्राम, रितेश शर्मा ,विद्या नामदेव, कुंदन साहू, जितेंद्र सिंह राजपूत, दीपक सिंह ,उमेश गिरी गोस्वामी, महेंद्र यादव, ईश्वर देवांगन, हेमंत गोयल, नितेश जैन ,जितेंद्र साहू, दुर्गा यादव, निर्माता बन छोर, महेश शर्मा ,राहुल सोनकर, प्रेम जैन ,राजकुमार साहू, अनिल साहू उपस्थित रहे।

## टेकारी विद्यालय में पेयजल समस्या से जूझ रहा शाला परिवार, निजात दिलाने नये बोर की मांग

**रायपुर।** ग्राम टेकारी (कुंडा) स्थित विद्यालय परिसर में फरवरी माह के शुरूआत से ही पेयजल की समस्या भयावह होने लगा है । इस परिसर में उच्चतर , उच्च व पूर्व माध्यमिक शाला लगता है । छात्र - छात्राओं , गुरुजनों व कर्मचारी वृंद को मिला शैक्षणिक दिवसों पर यहां 500 शालेय परिवा सदस्य मौजूद रहते हैं । समस्या की भयावहता को देखते हुये शाला विकास समिति , पंचायत व ग्रामीण सभा ने शासन - प्रशासन से अविलंब नया बोर खनन का आग्रह किया है और जनप्रतिनिधियों के चुनावी समर में व्यस्तता के चलते मुलाकात न हो पाने की वजह से मेल से ज्ञापन भेज ध्यानाकर्षण कराया है। संसदीय क्षेत्र रायपुर व विधानसभा आरंग के अधीन स्थित है यह ग्राम । वर्तमान शैक्षणिक सत्र समाप्त होने में अभी लगभग ढाई माह से अधिक समय बाकी है पर अभी से उठ खड़े हो रहे पेयजल की समस्या दिन-प्रतिदिन विकराल रूप धारण करते जा रहा है । परिसर में स्थित बोरवेल सूख चले हैं। जानकारी मिलने पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष शंकर वर्मा , समिति में मनोनीत सांसद प्रतिनिधि मिथिलेश साहू , विधायक प्रतिनिधि राजू मनहरे व सदस्यगण , पूर्व अध्यक्ष हुलासराम वर्मा , ग्रामीण सभा अध्यक्ष रामनाथ वर्मा व कोषाध्यक्ष अशोक नायक , सरपंच नंदकुमार यादव सहित किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने परिसर पहुंच स्थिति का जायजा लिया व ग्राम के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने विभागीय मंत्री केदार कश्यप , क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल व क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह साहेब से मुलाकात करने का प्रयास किया पर उनके चुनावी व्यस्तता के चलते मुलाकात संभव नहीं हो पाया। इस स्थिति में श्री शर्मा ने इन तीनों को मेल से ज्ञापन भेज वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुये शाला परिवार के हित में अविलंब नया बोरवेल करवाने का आग्रह किया है।

# एक साल के भीतर किसानों के खाते में 52 हजार करोड़ रुपए से अधिक राशि

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने एक साल के भीतर छत्तीसगढ़ के किसान भाइयों के खाते में 52 हजार करोड़ रुपए अंतरित कर उन्हें उत्साह से भर दिया है। धान खरीदी समाप्त होने के एक सप्ताह के भीतर किसानों को भुगतान कर दिया गया है। 52 हजार करोड़ रुपए किसानों के खाते में आने से वे खेती किसानी में भरपूर निवेश कर रहे हैं और इससे बाजार भी गुलजार हुए हैं जिससे शहरी अर्थव्यवस्था पर सीधा असर दिख रहा है। ट्रैक्टर आदि की बिक्री ने रिकार्ड आंकड़ा छू लिया है। धान का उचित मूल्य मिलने से किसानों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई और इस साल 25 लाख 72 हजार किसानों ने 149 लाख 25 हजार मीट्रिक टन रिकॉर्ड धान बेचा। छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष में 25 लाख से अधिक किसानों के धान बेचने से छत्तीसगढ़ में खेती किसानी की सकारात्मक दिशा स्पष्ट है। एक साल के भीतर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में 34 हजार 500 करोड़ रुपए और कृषक उन्नति योजना अंतर्गत 12 हजार करोड़ रुपए व्यय किये गये हैं। इसके अलावा सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत करीब 500 करोड़ रुपए की राशि 5 लाख 62 हजार भूमिहीन किसानों के खाते में अंतरित की है। इसके साथ ही मोदी सरकार की किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 1735 करोड़ रुपए की राशि भी किसानों के खाते में दी गई है। साय सरकार की 5 एचपी के कृषि पंपों को निःशुल्क विद्युत प्रदाय करने की योजना अंतर्गत 2707 करोड़ रुपए का व्यय किया गया है। इसके साथ ही सोलर पंपों हेतु 200 करोड़ रुपए के सहायक अनुदान दिये गये हैं।

## मीडिया कर्मियों से दुर्व्यवहार, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** पंडरी स्थित कल्याण ज्वेलर्स में कल रात हुए हादसे की सूचना पुलिस को न देने और कवर करने गए मीडिया कर्मियों से दुर्व्यवहार करने वाले दो कर्मियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इनका वेरिफिकेशन भी कर रही है। इनमें से एक पवन तिवारी बोधनाथ उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम पुरेझाम तिवारीपुर बहुता पो लही जिला बाराबंकी यू पी है। दूसरा अखिल ए पिता अजय कुमार उम्र 27 वर्ष निवासी मादविलकती विदु आलपपुरम तिरुमला जिला तिरुवनंतपुरम थाना पूंजपुर केरल को सिविल लाइंस थाने में रखा गया है।

## दो तस्करों के साथ महिला 67 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में गांजा तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है. लेकिन शातिर तस्कर आचार संहिता में भी बाज नहीं आ रहे हैं. बस्तर पुलिस ने उड़िसा सीमा पर सूखे नशे की तस्करी करते महिला समेत दो तस्कर गिरफ्तार को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से 67 किलो गांजा बरामद किया गया है. यह मामला नगरनार थाना क्षेत्र का है.

जानकारी के अनुसार, पुलिस ने आज ओडिसा बॉर्डर पर धनपूजी फोरेस्ट नाके में एक संधिग्ध वेगनआर कार को रुकवाया। जिसमें एक महिला और पुरुष बैठे थे। पूछताछ में अपना नाम राहुल सुटवाल और अर्जीना बीबी बताया. वाहन की चेकिंग की तो पुलिस को शुरुआत में कुछ हाथ महीं लगा. जब पुलिस ने कार की सीट के निचे देखा तो पुलिस के होश उड़ गए. पुलिस को 67 किलोग्राम गांजा मिला. जिसकी कीमत 6 लाख 80 हजार रुपए आंकी गई है. पुलिस ने मामले में आरोपी राहुल सुटवाल और अर्जीना बीबी को गिरफ्तार कर लिया है. दोनों आरोपियों के खिलाफएनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# कटघोरा में भाजपा का प्रत्याशी बदलने से कांग्रेस के साथ मुकाबला हुआ कांटों भरा

### विधायक की प्रतिष्ठता लगी है दांव पर

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद कटघोरा में इस बार बेहद का मुकाबला होता नजर आ रहा है। कांग्रेस ने राज जायसवाल को अपना प्रत्याशी अध्यक्ष पद के लिए खड़ा किया है। जबकि भाजपा से पूर्व उपाध्यक्ष आत्मा नारायण पटेल अध्यक्ष उम्मीदवार हैं। सभी प्रकार के सर्वेक्षण के बाद भाजपा के द्वारा प्रत्याशी चयन में बदलाव किया जाना अब उसके लिए मुसीबत बना हुआ है। स्थिति ऐसी है कि चुनाव के चक्कर में कटघोरा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है।

कोरबा जिले की पुरानी नगर पालिका में शामिल कटघोरा में इस बार अध्यक्ष का पद पिछला वर्ग पुरुष के लिए आरक्षित किया गया है। पांच से अधिक उम्मीदवार इस पद पर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं लेकिन मुख्य मुकाबला की स्थिति में कांग्रेस के युवा प्रत्याशी राज जायसवाल और भाजपा से आत्मा नारायण पटेल मैदान में है। प्रमुख राजनीतिक दल से प्रत्याशी होने के कारण इन दोनों को केडरबोट मिलने की पूरी गारंटी बनी हुई है। इस बार के चुनाव में यहां पर कई कारण से समीकरण बदले बदले नजर आ रहे हैं लेकिन प्रत्याशियों ने अपने स्तर पर मुकाबले को बेहद कड़ा और रोमांचक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। भरपूर संसाधन के साथ प्रचार प्रसार सामग्री का उपयोग करने से लेकर हर वार्ड में लोगों तक पहुंचाने और उनके समक्ष नगरी क्षेत्र के विकास को लेकर बड़े-बड़े दावे करने में वे पीछे नहीं है। कांग्रेस से अध्यक्ष पद के लिए कई चेहरे दावेदार थे लेकिन काफी कुछ सोच समझकर पार्टी ने यहां राज जायसवाल को




उम्मीदवार घोषित किया जो उसके लिए तुरुप का पत्ता साबित हो रहे हैं। जबकि भाजपा ने पटेल समुदाय से आने वाले किसान नेता आत्मा पटेल को उम्मीदवार बनाया है। सूत्रों का कहना है यहां पर सबसे सशक्त उम्मीदवार वीरेंद्र जायसवाल हो सकते थे और इस बारे में सब कुछ तय हो गया था लेकिन एन समय पर महत्वाकांक्षा और दबाव के चक्कर में प्रत्याशी बदल दिया गया। इस मामले में स्थानीय विधायक की प्रतिष्ठा दांव पर लग गई है। भाजपा ने जिस प्रत्याशी बनाया है उसे चुनाव में जिताने की जिम्मेदारी विधायक के कंधे पर आ गई है। दूसरी और भाजपा के ही कुछ लोगों ने इस चुनाव में दिलचस्पी लेना पूरी तरह से बंद कर दिया है ताकि वे बदला निकाल सके।

### आर्थिक संसाधन रखते हैं मायने

कोरबा जिले में चाहे कोई भी चुनाव हो प्रत्याशियों की हार जीत के लिए आर्थिक संसाधन सबसे ज्यादा मायने रखते हैं। हर चुनाव में इस प्रकार के अनुभव रहे हैं और इसीलिए इसकी पुनरावृत्ति की जानी अपेक्षित हो गई है। जानकार सूत्रों ने बताया कि कटघोरा में नगर पालिका अध्यक्ष बनने के लिए भाजपा प्रत्याशी अगर 50 पैसे के हिसाब से खर्च करने की मानसिकता में है तो कांग्रेस प्रत्याशी इस मामले में चार गुना अधिक खर्च करने की सामर्थ रखते हैं। यह बात अलग है कि दोनों ही इस प्रकार की स्थिति पर निगरानी रखने के दावे कर रहे हैं ताकि कोई किसी से आगे नहीं निकल सके।

### बन रहे टकराव के हालात

कोरबा जिले में 6 नगरी निकाय संस्थानों में चुनाव संपन्न होने जा रहे हैं लेकिन सबसे अधिक तनाव की स्थिति कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र में बनी हुई है। यहां के वार्ड संख्या आठ में चुनाव प्रचार और अन्य कारण से दो पक्ष आपस में उलझ गए। मारपीट की स्थिति भले ही नहीं बन सकती लेकिन बाकी सब कुछ हो गया। अप्रिय स्थिति को टालने के लिए यहां पुलिस पार्टी को पहुंचकर हस्तक्षेप करना पड़ा। जब तक चुनाव संपन्न नहीं हो जाते, पुलिस को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ेगी।

### दो क्षेत्र की जिम्मेदारी पुलिस को

कटघोरा पुलिस के कंधे पर नगरी निकाय चुनाव में एक नगर पालिका और छोटी नगर पंचायत क्षेत्र की जिम्मेदारी है। उसे मौजूदा मैनपॉवर के साथ इन दोनों क्षेत्रों में पुलिसिंग के साथ सुरक्षा व्यवस्था और सभी प्रकार की स्थितियों पर नियंत्रण रखना पढ़ रहा है। चुनाव के दौरान अलग-अलग प्रकार से प्रशासन और पुलिस के पास शिकायतें पहुंचती हैं । एक ही समय आप बहुत सारे स्थान पर नहीं पहुंच सकते। आमतौर पर देखा गया है कि चुनाव के सीजन में दूसरे अधिकारी विवादित क्षेत्र में जाने से बचा करते हैं और ऐसे में अंतिम रूप से पुलिस को ही मोर्चा संभालना पड़ता है ताकि तस्वीर विकृत होने से बच सके।



## निर्विघ्न चुनाव कराने की चुनौती जेल भेजे गए 41 अपराधी

**कोरबा।** नगरी निकाय और पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने अपनी ओर से सुरक्षात्मक प्रयास तेज कर दिए हैं । विभिन्न क्षेत्रों में रजिस्टर्ड आपराधिक मामलों से जुड़े हुए चेहरों पर पुलिस का फोकस है । 24 घंटे में 41 अपराधियों को गिरफ्तार करने के साथ जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। निर्विघ्न रूप से चुनाव संपन्न कराने के लिए यह सब करना आवश्यक हो गया है। कोरबा जिले के सभी थाना, चौकी व पुलिस इकाइयों द्वारा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक चुनाव सुनिश्चित कराने हेतु ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। अधिकारियों के निर्देश पर टीम ने इस दिशा में काम करते हुए योजना का लक्ष्य पूरा करने पर ध्यान दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि विभिन्न न्यायालयों द्वारा जारी स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामीली हेतु पूरे जिले में विशेष अभियान चलाया गया। जिसके तहत 12 स्थायी और 32 गिरफ्तारी सहित कुल 44 वारंट तामील किए गए। गिरफ्तार किए गए 41 वारंटियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वहीं 3 वारंटियों के मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त कर तामीली कार्रवाई पूरी करे। पुलिस की ओर से जो जानकारी दी गई है उसमें कहा गया है कि प्रमुख रूप से उरगा थाना द्वारा 8, कुसमुंडा 7, बालको 5, एवं अन्य 21 वारंट अन्य थानों द्वारा तामील किए गए। पुलिस ने कहा कि आदतन अपराधियों पर कार्रवाई और अधिक सघनता से जारी रहेगी, ताकि जिले में स्वतंत्र, निर्भीक एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराया जा सके।

## छुरी में नुक्कड़ सभा आज

**कोरबा।** आज शाम को छुरी में नुक्कड़ सभा आयोजित की गई है। जिसमें प्रदेश के मंत्री लखनलाल देवांगन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीतम देवांगन, हीरानंद पंजवानी, राज वर्धन सिंह, देवेंद्र देवांगन, रमेश श्रीवास सहित अन्य कार्यकर्ता जुटे हुए है। बांकीमोंगरा में भी भाजपा के द्वारा रैली का आयोजन किया गया है। इस रैली में प्रभारी दिनेश सिंह शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में उदय शर्मा, हनुमान पाण्डेय, मुकूल कर्ष, लखन राठौर, कमलजीत सिंह, सोनू सहित अन्य कार्यकर्ता जुटे हुए है। कल भी गेवरा बस्ती क्षेत्र में एक रैली का आयोजन किया गया।

## एसईकेएमसी में नये चेहरों को मिलेगा मौका

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट में एसईकेएमसी के द्वारा संगठन को मजबूत बनाने के लिए नये चेहरों को मौका दिया जायेगा। इसकी शुरूआत पवन तिवारी को संगठन मंत्री बनाकर की गयी है। अब अन्य लोगों को नियुक्त किया जायेगा। इस संबंध में एक बैठक आज गोपाल यादव, डीके मिश्रा, छंदराम राठौर, विकास शुक्ला, एमपी सिंह, राहुल मिश्रा, जीवराखन चंद्रा, सीताराम साहू, हरनाम सिंह, धरम सिंह के द्वारा ली जायेगी। खासकर गांव क्षेत्र के लोगों को और अधिक महत्व दिये जाने की जरूरत है।

## महिलाओं का किया गया सम्मान

**कोरबा।** लाभार्थी सम्मेलन में महिलाओं को गमछा देकर सम्मान किया जा रहा है, जिसके लिए वैशाली रत्नपारखी को प्रभारी व प्रीति स्वर्णकार को सप्रभारी बनाया गया है। उनके द्वारा कोसाबाड़ी क्षेत्र में लाभार्थी सम्मेलन आयोजित कर महिलाओं का सम्मान किया गया। सभी मण्डलों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। बालको क्षेत्र अयोजित कार्यक्रम में अधिक महिलाओं ने भाग लिया।

## बंद पड़े खदान को चालू कराने का उठेगा मुद्दा

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व के सुराकछार और बलगी खदान को चालू कराने को लेकर सभी पांचों श्रमिक संगठन गंभीर हो गये है। इस महीने मुख्यालय में अलग-अलग आईआर बैठक होगी। इस बैठक में सभी संगठन इन दोनों खदानों को चालू करने की मांग करेंगे। सिंघाली खदान के चालू होने से कोयला कामगारों में उत्साह का संचार हुआ है। एसईकेएमसी के केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह, संदीप चौधरी, किशोर सिन्हा, आईआर की बैठक में शामिल होंगे। इनका कहना है कि खदान बंद के अलावा अन्य मुद्दों को भी उठाया जायेगा। एसकेएमएस के मनीष सिंह, सुभाष सिंह व धर्मा राव भी आई आर की बैठक में शामिल होंगे। एसकेएमएस के द्वारा खदानों को चालू करने को लेकर आंदोलन शुरू किया गया था। इनके प्रयासों से सिंघाली खदान चालू हुआ है, अब सुराकछार व बलगी खदान के लिए प्रयास करेंगे। केएसएस के अनुप सरकार, संतोष टण्डन व डीपी सिंह भी आईआर की बैठक में शामिल होने के लिए बिलासपुर जायेंगे। यह संगठन भी काफी दिनों से बंद पड़े खदानों को चालू कराने को लेकर प्रयास कर रहा है। इसी महीने एचएमएस और बीकेकेएमएस की भी आईआर बैठक है।

## दो-तीन दिन से घूम रहे युवक की मौत

**कोरबा।** विप्र वाटिका के पास एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। अत्यधिक शराब का सेवन और ठंड लगने को मौत का प्रारंभिक कारण माना जा रहा है। विभिन्न प्रकार की आशंका को ध्यान में रखते हुए मानिकपुर पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मदद इस मामले में ली है।

मानिकपुर पुलिस चौकी प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि लगभग 20 वर्ष के युवक अभिषेक श्रीवास कि यहां पर मौत हुई है। वह इसी इलाके का निवासी बताया गया है। स्थानीय लोगों से मिली सूचनाओं के अनुसार वह दो-तीन दिन से यहां पर विचरण कर रहा था। उसे शराब की आदत थी। एक मौके पर विप्र वाटिका में लगे नल में हाथ धोने के दौरान वह गिर गया था। लोगों ने उसकी हरकतों पर ध्यान जरूर दिया लेकिन और कुछ काम नहीं कर सके। वह रात भर इसी क्षेत्र में पढ़ रहा और आज उसकी मौत हो गई। इसलिए माना जा रहा है कि अत्यधिक शराब का सेवन करने और ठंड के असर



से उसका अंत हो गया होगा। चौकी प्रभारी ने बताया कि एक व्यक्ति की सूचना पर इस मामले में मर्ग कायम किया गया है। मृतक युवक की उम्र कम है इसलिए फॉरेंसिक टीम की उपस्थिति यहां दर्ज कराई गई ।उसने भी अपनी ओर से कुछ तथ्यों को संज्ञान में लिया है। हालांकि मृतक के शरीर में किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए हैं।

## आवास बनाने प्रस्ताव भेजा

**कोरबा।** एसईसीएल सराईपाली परियोजना में कार्यरत 17 कामगारों के लिए आवास बनाये जा रहे है। इन आवासों में अधिकारियों व कामगारों को रहने दिया जायेगा। अन्य कामगारों के लिए आवास बनाने की मांग प्रबंधन से एसईकेएमसी के राजेश साहू व बेलोराम के द्वारा की गयी है। इसी तरह एसकेएमएस ने भी इस मामले को प्रबंधन के सामने रखा है। कृष्णा तिवारी व अशोक परिहार ने प्रबंधन से मांग की है कि सराईपाली में काम करने वाले मजदूर दूसरे क्षेत्र से आते है। इसलिए यहां तत्काल आवास बनाये जाने की जरूरत है। दूर से आने के कारण कोयला कामगारों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रबंधन से भी इस मामले को काफी गंभीरता से लिया है।

## बीकेकेएमएस का अधिवेशन नागपुर में

**कोरबा।** बीकेकेएमएस का राष्ट्रीय अधिवेशन नागपुर में 12 फरवरी से शुरू हो रहा है। सभी एरिया से कार्यकर्ता इस अधिवेशन में शामिल होंगे। कोरबा एरिया से अशोक सूर्यवंशी, रंजय सिंह, कुसमुण्डा से हिरेंद्र चंद्रा, अमिया मिश्रा, दीपका से रमेश गुरूद्वान, अश्वनी मिश्रा जबकि गेवरा से प्रीतम राठौर व मदन सिंह को ले जाने की जिम्मेदारी दी गयी है। उनके द्वारा सूची बनाये जाने का काम किया जा रहा है।

## कुछ घण्टे बाद थमेगा चुनावी शोर

**कोरबा।** एक ही चरण में जिले के सभी 6 नगरीय निकायों के लिए 11 फरवरी को मतदान संपन्न होगा। आज शाम 5 बजे चुनाव प्रचार का शोरगूल थम जायेगा। इसके बाद प्रत्याशियों को पदयात्रा करते हुए लोगों से संपर्क करने की सुविधा होगी। इस दौरान किसी प्रकार का साउण्ड सिस्टम का उपयोग वर्जित होगा।



जिले के एक नगर निगम, तीन नगर पालिका और दो नगर पंचायत में अध्यक्ष व पार्षद के उम्मीदवारों को चुनने के लिए वोटर्स मतदान करेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग की व्यवस्था के अंतर्गत इन सभी निकायों के लिए कुल 425 पोलिंग बुथ बनाये गये है। नगर निगम क्षेत्र में 297 और 5 अन्य संस्थाओं में 128 पोलिंग बुथ बनाये गये है। निगम क्षेत्र में 2,67,103 मतदाता पंजीकृत है जो महापौर ,पार्षद चुनने के लिए वोट करेंगे। जबकि 5 अन्य संस्थाओं में 1,23,000 वोटर पंजीकृत है। निर्वाचन विभाग की ओर से दी गयी जानकारी में कहा गया है कि चुनाव को निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए लगभग 1,200 सुरक्षा बल पोलिंगबुथ व अन्य क्षेत्रों में लगाये गये है।

## रास्ते को संकरा किया उठवाए गए अनेक वाहन

**कोरबा।** काफी समय से कोरबा नगर की कई सड़कों पर अवैध गाड़ियों का कब्जा जारी रहा। इससे रास्ता संकीर्ण हो गया। आने जाने की समस्या बाधित हो गई। ट्रैफिक पुलिस और नगर पालिका निगम ने संयुक्त रूप से इस मामले को समझने के साथ कार्रवाई की और सड़कों की घेराबंदी करने वाले ऐसे अनेक वाहनों को उठा लिया। इंस कारवाई से हड़कंप मची हुई है।

ट्रैफिक पुलिस ने आईपीएस अधिकारी रविंद्र मीणा, डीएसपी डीके सिंह के निर्देशन में नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ता के साथ मिलकर यह कार्रवाई की। ट्रैफिक पुलिस असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर मनोज राठौर, ईश्वरी लहरें , संतोष सिंह, नगर निगम की ओर से अविनाश जयसवाल , प्रिंस कुमार सिंह ,



विमल गोयल ने अपनी भूमिका निभाई। कोरबा शहर के विभिन्न मार्गो का निरीक्षण करने के साथ यहां पर पाया गया कि कई जगह सड़क के किनारे अवैध रूप से अनुपयोगी वहां रख दिए गए हैं। इसके कारण आवागमन बाधित हो रहा है और लोगों को परेशानी हो रही है। यह मामला संज्ञान में आने पर इस दिशा में उचित कदम उठाने का निर्णय लिया गया। उपरोक्त अनुसार समस्या ग्रस्त इलाकों में अभियान को संचालित करते हुए अवैधानिक रूप से पार्क की गई गाड़ियों को उठाकर जपत किया गया। बताया गया कि ऐसे मामलों में पेनल्टी की जाएगी। कहां जाएगी शहरी क्षेत्र की सभी सड़कों को सहज आवागमन के लायक बनाने के लिए जो कुछ भी आवश्यक होगा, कदम उठाए जाएंगे।

## विश्वास मजबूत हो तो जगह नहीं मिलेगी परीक्षा के भय को

**कोरब।** परीक्षा का नाम सुनते ही बच्चों के मन में एक अज्ञात भय उत्पन्न हो जाता है। इसे एंजायटी या एग्जाम फोबिया का नाम मिला हुआ है । विद्यार्थी अच्छी तैयारी करने के बावजूद परीक्षा के तनाव के कारण मतलब की बात भूल जाते हैं, या डर के कारण तैयारी ही नहीं कर पाते हैं। इस प्रकार के डर से उबरने के लिए उन्हें कुछ आसान टिप्स पर काम करना होगा। अभिभावक भी इस बारे में उनकी सहायता कर सकते हैं।

नगरी निकाय और पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद छत्तीसगढ़ बोर्ड सहित सीबीएसई की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगे । परीक्षा को लेकर एक तरफ विद्यार्थी तैयारी भी कर रहे हैं और दूसरी तरफ भयभीत भी हैं। उन्हें इस डर से बाहर निकाला जाना जरूरी समझा जा रहा है।। मनोचिकित्सक डॉ. नीलिमा महापात्रा ने बताया कि एग्जाम फियर बच्चों में एक आम समस्या है। स्वाभाविक है कि जिन बच्चों की तैयारी अधूरी होती है, वे डरते हैं। लेकिन कई बार ऐसा भी देखा जाता है कि अच्छी तरह पढ़ने के बावजूद बच्चे परीक्षा का नाम सुनते ही डर जाते हैं। यह बच्चों के लिए एक गंभीर समस्या हो सकती है. ऐसे में बच्चों को किसी मनोचिकित्सक से परामर्श कराना चाहिए ताकि वे डर का सामना करना सीख सकें। डॉ. महापात्रा ने बताया है कि यदि बच्चे पढ़ने के बावजूद परीक्षा के नाम से डरते हैं या डर के कारण पढ़ नहीं पाते, तो उन्हें मनोचिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। थेरेपी के माध्यम से बच्चे डर से लड़ना सीखते हैं और बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम होते हैं। थेरेपी बच्चों को तनाव से निपटने के तरीके सिखाती है और परीक्षा के दौरान शांत रहने में मदद करती है।

### सही रणनीति अपनाना होगा कारगर

जीवन के क्षेत्र में परीक्षा कई प्रकार की हो सकती है जिस व्यक्ति का सीधा सामना होता है। इसलिए परीक्षा का डर एक आम समस्या है लेकिन सही रणनीति अपनाकर इसे दूर किया जा सकता है। आवश्यकता इस बात की है कि कोई भी विद्यार्थी हर विषय को समान रूप से महत्व दें और विषय वस्तु को समझने के लिए और दोहराने के लिए समय निकालें। ऐसा करने से वह कंटेंट को भली भांति समझेगा और उसे हल करने को लेकर मन में बना हुआ डर समाप्त होगा। **हेमंत माहुलीकर, शिक्षाविद**

## प्रशासन को दी चुनौती, डीजे जब्त

**कोरबा।** नगरीय निकाय चुनाव में सरकारी प्रावधान का उल्लंघन करते हुए प्रशासन को चुनौती देना सिलियारीभाठा उरगा के तेरस पटेल को महंगा पड़ गया। मानिकपुर चौकी क्षेत्र के आरएसएस नगर में कानफोडू आवाज में डीजे को बजाने पर पुलिस ने उसे जब्त कर लिया। शिव मंदिर के पास यह कार्यवाही की गयी। बताया गया कि सीजी 12 एस 3905 के साथ डीजे का उपयोग किया जा रहा था। इसमें 4 साउण्ड बॉक्स, डीजे, 1 एम्पलीफायर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किये गये है। पुलिस ने बताया कि बिना अनुमति के एक उम्मीदवार के पक्ष में इसका उपयोग हो रहा था। किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं मिलने पर प्रकरण दर्ज किया गया।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com